नव प्रदेश

RNI NO.CHHIN/2012/41806 रायपुर, शुक्रवार 19 नवंबर 2021, कृष्ण पक्ष पूर्णिमा, विक्रम संवत-2077 वर्ष-10 अंक-274 पृष्ठ-08 मूल्य-3 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

यहां सरकार से भी बड़ा माफिया राज... कोयले का चल रहा काला कारोबार

- खदान से कोयला चोरी करने ग्रामीणों को बनाया जा रहा मोहरा
- एक रुपए सत्तर पैसे किलो में खरीदकर 5 हजार टन में बेच रहे कोल

ईश्वर चंद्रा/कोरबा। कोयला खरीद फरोख्त बंद होने के बाद एक बार फिर पुराने कोल माफिया सक्रिय हो गए हैं। शहर से सटे पाली, पढ़निया के समीप सोनपुरी में चल रहे कोयले की खरीद फरोख्त का खेल खनिज संरक्षण अधिनियम की धज्जियां उड़ाने में काफी है। वजह यह है कि चारों तरफ से सड़क के बीच में दिनभर कोयला बेचने वालो का तांता लगा रहता है। इन दिनों एसईसीएल के कुसमुंडा खदान के सोनपुरी, मानिकपुर कोल माइंस के रांपाखर्रा और दीपका के रेकी के समीप खुले आसमान के नीचे कोयला खरीदी का काला कारोबार धड़ल्ले से चल रहा है। अघोषित खदानों से कोयला निकालने के लिए कोल माफिया ने ग्रामीणों को मोहरा बना रखा है। खदान से एक रुपए सत्तर पैसे प्रति किलो की खरीदी ग्रामीणों के माध्यम से की जा रही है। ग्रामीण जान को जोखिम में डाल अवैध उत्खनन कर माफि याओं को कोयला उपलब्ध करा रहे हैं। कोयले को खुले बाजार में 5 हजार रुपए प्रति टन में खपाकर माफिया मालामाल हो रहे। इधर सरकार कोयला के संकट से जूझ रही तो वहीं दूसरी ओर खनिज व एसईसीएल प्रबंधन जानकर भी अनजान बने बैठे हैं।

चिन्हित जगहों पर गुर्गे बैठा रखे है माफिया : कोयले की नगरी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

माफियाओं को सीधा फायदा

दिन भर में एक ग्रामीण सात सौ से आठ सौ का कोयला बेच लेते हैं। गुर्गो ने दुकान ऐसी जगह में लगा रखी है जहां खदान से सड़क मार्ग होते हुए पहुंचने में आसानी हो रही। खदान से ढेले की शक्ल में कोयला निकालने के बाद बाइक व सायकल में गुर्गो तक लेकर पहुंच रहे। कमाई का आसान जरिया होने के कारण अधिक से अधिक ग्रामीण कारोबार से जुड़ रहे। इसका सीधा फायदा कोल माफियाओं को मिल रहा है।

> कोयले के अवैध खरीद फरोख्त की जानकारी मिली है। मामले की जांच के लिए इंस्पेक्टर को निर्देशित किया गया है। जल्द ही अवैध कारोबारियों पर खनिज अधिनियम के तहत कार्रवाई की जाएगी।
>
> **एसएस नाग,**
> उप संचालक, खनिज

आज बेबाक

पाकिस्तान परस्त जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती को भड़काऊ बयानबाजी के आरोप में नजरबंद किया गया है। हिन्दुस्तान का खाने और पाकिस्तान का गाने वाली महबूबा मुफ्ती ने मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों की हिमायत की थी और भारतीय सेना पर सवाल उठाए थे। नतीजतन उसे नजरबंद किया गया है। कायदे से तो महबूबा मुफ्ती के खिलाफ देशद्रोह का मुकदमा दर्ज होना चाहिए और उसे जेल की सलाखों के पीछे भेजा जाना चाहिए। कश्मीर को अपने बाप की जागीर समझने वाली और हमेशा जहर उगलने वाली महबूबा मुफ्ती की सही जगह या तो जेल खाना है या फिर पागलखाना।

सूर्योदय

उदय :	6:47 प्रात:
अस्त :	5:37 संध्या

जनसंख्या

विश्व :	7,907,536,500
भारत :	1,399,062,310

बाजार

सेंसेक्स :	59,636.01
निफ्टी :	17,764.80
गोल्ड :	48,050 प्रति 10 ग्राम
चांदी :	66,283 प्रति किग्रा
अण्डा दर :	4.81 प्रति नग

दिवस

राष्ट्रीय एकता दिवस: राष्ट्रीय एकता दिवस हर साल पूरे भारत में 19 नवंबर को मनाया जाता है। यह भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी के जन्म दिन की सालगिरह के रूप में मनाया जाता है। इस दिन जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों के कार्यालय के सदस्य एक ही स्थान पर एक साथ समाज में आम सद्भाव को सुनिश्चित करने की लिए प्रतिज्ञा लेने के लिए मिलते हैं।

पुनिया ने आंकड़ों के साथ खोला केंद्र सरकार की गलत नीतियों का कच्चा-चिट्ठा

- गिनाए महंगाई बढ़ने के महत्वपूर्ण कारण

रायपुर/नवप्रदेश। मोदी सरकार की मुनाफाखोरी वाली नीति के कारण देश की जनता महंगाई से परेशान है, बदहाल है। नरेंद्र मोदी के सत्ता में आने के बाद से रोजमर्रा के सामानों की कीमत दोगुनी हो गयी है। महंगाई, देश की जनता पर मोदी सरकार प्रायोजित आपदा है। इससे साबित हो रहा है कि मोदी और उनकी सरकार की प्राथमिकता में गांव, गरीब, किसान, मजदूर, आम आदमी है ही नहीं। मोदी सरकार ने आम आदमी को राहत देने के लिये कभी कोई योजना नही बनाया, मोदी सरकार ने चंद उद्योगपतियों को फायदा पहुंचाने के लिये योजना बनाया उसका क्रियान्वयन किया। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महंगाई बढ़ने के 5 अहम कारण

पीएल पुनिया ने महंगाई बढऩे के पांच मेजर कारण गिनाए, जिससे आर्थिक कुप्रबंधन का सीधा संबंध है। उसमें नोटबंदी सबसे पहला कारण है। उन्होंने कहा कि बिना सोच विचार किए नोटबंदी लागू किया गया। जिसका दुष्परिणाम यह हुआ देश की अर्थव्यवस्था पट्टी से उतर गयी। उद्योग धंधे, व्यापार चौपट हो गये जो आज तक नहीं सुधरे, जिसके कारण महंगाई बढ़ी।दूसरा कारण मोदी सरकार के द्वारा कई स्लैब में लागू की गई जीएसटी। इसके चलते अनेक वस्तुओं पर अतार्किक करारोपण किया एवं वस्तुओं के दाम बढ़ गये।तीसरा कारण केंद्र सरकार का आर्थिक कुप्रबंधन। महंगाई बढ़ाने का बड़ा कारक सिद्ध हुआ। असंगत करारोपण, बेतहाशा एक्साइज, टैक्स के कारण डीजल-पेट्रोल के दाम बढ़े जो महंगाई को बढ़ाने में बड़ा कारण बना। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

पेट्रोल-डीजल की कीमतों पर सियासत गरमाई, भाजपा ने किया चक्काजाम का ऐलान

रायपुर/नवप्रदेश। देशभर में बढ़ती महंगाई और पेट्रोल डीजल की कीमतों पर भाजपा और कांग्रेस में सियासी दंगल ज़ारी है। केंद्र सरकार द्वारा उत्पादन शुल्क में कमी किए जाने के बाद से लगातार प्रदेश की कांग्रेस सरकार वैट में कमी की मांग भाजपा कर रही है। अब अपनी इस मांग को लेकर भाजपा सड़क की लड़ाई लड़ने जा रही है। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने छत्तीसगढ़ में पेट्रोल डीज़ल की दरों में कमी की माँग को लेकर चक्काजाम करने का ऐलान कर दिया है। 20 नवंबर को भारतीय जनता पार्टी प्रदेशभर में सरकार द्वारा वैट करने की मांग को लेकर चक्काजाम करेंगी।

इस चक्काजाम का ऐलान करते हुए भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष विष्णु देव ■ शेष पृष्ठ 6 पर

चुनावी राज्यों में पैसा बहाने का आरोप

भाजपा के प्रदेशाध्यक्ष साय ने राज्य सरकार पर आरोप मढ़ते हुए कहा यहाँ का पैसा उन राज्यों में बहाया जा रहा है जहां चुनाव होने हैं। यहाँ बिजली का टैक्स बढ़ा रहे हैं, प्रति व्यक्ति को चावल देने की योजना में 1500 करोड़ का घोटाला कर गए, प्रधानमंत्री आवास में राज्यांश ही ग़रीबों को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि घर घर शराब पहुंचा कर भी यह सरकार पैसा कमाने के काम कर रही है, लेकिन विकास के लिए सरकार के पास चवन्नी भी नहीं। आज हम यह पूछना चाहते हैं कि छत्तीसगढ़ की जनता क्या इसीलिए कांग्रेस की वोट दी है कि यहां के पैसे यूपी, बिहार समेत जिन राज्यों में चुनाव हो रहे है वहां पानी की तरह बहाया जाए।

आज से तीन दिन फिर छाएंगे बादल

रायपुर/नवप्रदेश। 19 से 21 नवम्बर तक प्रदेश के मध्य भाग में आंशिक रूप से बादल छाये रहने की सम्भावना है। एक दो स्थानों पर हल्की वर्षा होने अथवा गरज चमक के साथ छींटे भी पड़ सकते हैं। वैज्ञानिक डॉ. एचपी चंद्रा ने बताया कि उत्तर तमिलनाडु-दक्षिण आंध्र प्रदेश के दक्षिण-पश्चिम और उससे सटे पश्चिम-मध्य बंगाल की खाड़ी पर कम दबाव का क्षेत्र उत्तरी तमिलनाडु तट से दूर बंगाल की दक्षिण-पश्चिम खाड़ी के ऊपर एक अवदाब के रूप में केंद्रित हो गया है और गुरूवार को चेन्नई से लगभग 310 किमी दक्षिण-पूर्व और पुडुचेरी से 290 किमी पूर्व-दक्षिण पूर्व और कराईकल से 270 किमी पूर्व-उत्तर-पूर्व में स्थित है। इसके पश्चिम-उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ते हुए आज शुक्रवार की सुबह तक उत्तर तमिलनाडु और चेन्नई के आसपास के दक्षिण आंध्र प्रदेश के तटों को पार करने की संभावना है।

निकाय चुनाव को लेकर अहम बैठक 23 नवंबर को

रायपुर नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग निकाय चुनाव के संबंध में 23 नवंबर को एक महत्वपूर्ण बैठक लेने जा रहा है। इस बैठक में 10 जिलों के एसपी-कलेक्टर-एसपी शामिल होंगे। वहीं प्रशासन के चार विभागों के सचिव भी इसमें शिरकत करेंगे। बैठक में निकाय चुनाव की तैयारियों के लेकर चर्चा की जाएगी। इस आधार पर ही यह तय हो जाएगा कि चुनाव कब होंगे।

आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत आज पहुंचेंगे छत्तीसगढ़, धर्मांतरण पर होगी महती बैठक

रायपुर। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत आज से छत्तीसगढ़ के दो दिवसीय प्रवास पर रहेंगे। वे शुक्रवार को रायपुर पहुंचकर मुंगेली जिले के मदकूद्वीप के लिए रवाना होंगे। यहां वे घोष प्रदर्शन कार्यक्रम में शामिल होंगे। जहां घोष वादकों का घोष प्रदर्शन होगा।

संघ प्रमुख पहली बार मदकूद्वीप आ रहे हैं। संघ पदाधिकारियों का कहना है कि मदकूद्वीप चार जिलों की सीमा के बीच है। लिहाजा, बिलासपुर के साथ ही मुंगेली, बेमेतरा और भाटापारा, बलौदाबाजार जिले के साथ बिलासपुर संभाग के पदाधिकारी शामिल होंगे।

जानकारी के मुताबिक मदकूद्वीप के कार्यक्रम के दौरान ही आरएसएस प्रमुख भी समाज के प्रमुखों से छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण पर चर्चा करेंगे। जिसमें भाजपा के कई नेता भी शामिल होंगे। बता दें कि प्रदेश में सरकार के संरक्षण में धर्मांतरण का आरोप लगाते हुए बीजेपी नेता कांग्रेस सरकार पर हमलावर हैं। इसे लेकर राजधानी सहित सभी जिलों में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन और आंदोलन हो रहे हैं।

मदकूद्वीप में कार्यक्रम के बाद मोहन भागवत शाम 7 बजे रायपुर के जागृति मंडल में आएंगे और आरएसएस कार्यकर्ताओं की बैठक लेंगे। जागृति मंडल में ही रात्रि विश्राम करेंगे और 20 नवम्बर को संघ की शाखा में शामिल होने के बाद नियमित विमान से दिल्ली के लिए रवाना होंगे।

सीमा विवाद: भारत-चीन में फिर बात, ड्रैगन का शांति बनाए रखने का वादा

नई दिल्ली (ए.)। भारत और चीन दोनों ही देश सीमा पर हालात को सामान्य रखने और शांति बनाए रखने तथा किसी भी प्रकार की अनचाही घटना को रोकने पर राजी हुए हैं। विदेश मंत्रालय ने बताया है कि दोनों देशों के बीच 14वें दौर की सीनियर कमांडर लेवल के बीच मीटिंग आने वाले कुछ ही दिनों में होगी। विदेश मंत्रालय के मुताबिक सीमा पर शांति बनाए रखने के लिए दोनों देश एलएसी के पास ईस्टर्न लद्दाख में विवाद के अन्य मुद्दे का हल जल्द से जल्द तलाशने पर राजी हुए हैं। दोनों देश द्विपक्षीय समझौतों और प्रोटोकॉल्स के जरिए इन विवादित मुद्दों को सुलझाना चाहते हैं, ताकि शांति व्यवस्था बनी रहे। विदेश मंत्रालय ने भारत-चीन राजनयिक वार्ता के बारे में कहा कि दोनों देशों ने पूर्वी लद्दाख में वास्तविक नियंत्रण रेखा पर लंबित मुद्दों के जल्द समाधान की जरूरत पर दोनों पक्षों ने सहमति जताई है।

सौगात — निकाय चुनाव से पहले सरकार ने दुर्ग जिले में खोला सौगातों का पिटारा

सीएम बघेल ने स्टेडियम, आत्मानंद इंग्लिश स्कूल समेत की कई घोषणाएं

दुर्ग/ नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल गुरुवार को दुर्ग जिले में 177 करोड़ रुपए की लागत वाले विकास एवं निर्माण कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। मुख्यमंत्री इस मौके पर शासन की विभिन्न योजनाओं के तहत लाभान्वित हितग्राहियों को अनुदान राशि का चेक भी वितरित किया। मुख्यमंत्री भिलाई नगर निगम क्षेत्र में 104 करोड़ रुपए के लोकार्पण एवं भूमिपूजन सहित भिलाई-चरौदा निगम में 40 करोड़ रुपए की राशि के निर्माण कार्यों की सौगात एवं रिसाली निगम में 27 करोड़ रुपए की राशि के कार्यों का लोकार्पण भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल नगर पालिका परिषद जामुल में पहुंचकर 7 करोड़ रुपये की लागत के विकास कार्यों का लोकार्पण एवं भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार की दूरदर्शिता पूर्ण नीतियों की वजह से आज छत्तीसगढ़ में खेती किसानी बेहतर स्थिति में है।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर जामुल क्षेत्र के विकास के लिए महत्वपूर्ण घोषणाएं भी की। उन्होंने यहां स्वामी ■ शेष पृष्ठ 6 पर

प्रदेश में खाद की दिक्कत नहीं : सीएम

उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में जिस तरह से डीएपी की दिक्कत बनी हुई है उसे देखकर यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन को लेकर जो नीति बनाई गई, वह बहुत कारगर नीति है और किसानों के विकास के लिए उपयोगी है। उन्होंने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से हम कृषकों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य दे रहे हैं। सरकार ने भूमिहीन मजदूरों का भी ध्यान रखा और उनके लिए भी प्रतिवर्ष 6 हजार रुपये देने की योजना लाई गई है।



दैनिक नव प्रदेश
प्रदेश के साथ पूरा देश...

रेरा का आरडीए को झटका, भूमि आबंटियों को आरडीए लौटाएगा ब्याज सहित रकम

■ प्रोजेक्ट इंद्रप्रस्थ फेस-2 के निर्माण को लेकर परेशान हैं आबंटी

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी में रायपुर विकास प्राधिकरण की अहम प्रोजेक्ट इंद्रप्रस्थ फेस-2 के निर्माण को लेकर भूमि क्रेता और आरडीए के बीच लगातार विवाद गहराता ही जा रहा है। अब छत्तीसगढ़ भू संपदा विनियामक प्राधिकरण यानी रेरा में मामले की सुनवाई हुई, जिसमें आरडीए को 2 माह के भीतर मय ब्याज भूमि क्रेताओं को रकम लौटाने का निर्देश दिया गया है।

वर्ष 2015 में आरडीए के इंद्रप्रस्थ फेज 2 में वाणिज्यिक सह आवासीय भूखंड बिक्री शुरू की गई थी। जिसमें कई भूमि क्रेताओं ने उक्त जमीन खरीदी। लेकिन अब तक कई कारण वश फेस 2 में भवन निर्माण शुरू ही नहीं हुआ है।अब भूमि क्रेताओं ने न्यायालय सहित रेरा में भी शिकायत आरडीए के खिलाफ दर्ज करवाया है, जिसमें रेरा ने गुरुवार को अपना निर्णय भूमि आबंटितियों के पक्ष में दिया है।

ये है विवाद का कारण

आपको बता दें कि राजधानी के तेलीबांधा निवासी आवेदक अमित कुमार शर्मा और अतुल कुमार शर्मा ने इंद्रप्रस्थ फेस-2 में भूखंड खरीदने के लिए आवेदन किया था। जिसके फ्लस्वरूप उन्होंने अप्रैल 2015 में आवेदन के साथ 3 लाख 24 हजार 360 रुपए का भुगतान भी किया। जिसके बाद भूखंड क्रेताओं ने एसबीआई से 15 लाख रुपए का ऋण लेकर जून 2017 तक आरडीए को 29 लाख 84 हजार 270 रुपए का भुगतान किया था। वही दिसंबर 2019 में अंतिम किश्त 3 लाख 07 हजार 801 रुपए भुगतान भी कर दिया। इन रकम को जमा करने के बावजूद भी आरडीए के द्वारा भूखंड में निर्माण शुरू नहीं किया गया बल्कि आरडीए के द्वारा कहा गया की भूखंड की भूमि 60 फीसदी जलमग्न है, जिसके कारण निर्माण नहीं किया जा सकता। साथ ही आरडीएनए भूखंड क्रेताओं को अन्य भूखंड क्रय करने का प्रस्ताव भी दे दिया।

रकम नहीं होगी वापस-आरडीए

भूमि क्रेताओं ने आरडीए के निर्णय को अस्वीकार करते हुए भुगतान की गई राशि वापस करने आवेदन किया। आवेदन में उच्च न्यायालय और सर्वोच्च न्यायालय के विभिन्न आदेशों का उल्लेख भी किया गया। साथ ही क्रेताओं ने क्षतिपूर्ति की राशि की भी मांग की। आरडीए के द्वारा भूमि आवंटित को प्रोजेक्ट भूमि से लगी हुई मेसर्स एचबीएन डेयरी एंड एलाइड लिमिटेड द्वारा निर्माणाधीन भूमि लेने कहा गया। ये भी कहा गया कि यदि अन्य भूमि नहीं लिया जाता तो रकम वापस नहीं किया जाएगा।

आरडीए ने दिया आबंटितियों को राहत

भूमि क्रेताओं ने आरडीए के खिलाफ रेरा में याचिका लगाई, जिस पर दोनों ही पक्ष की सुनवाई के बाद रेरा ने गुरुवार को निर्णय सुना दिया। भूमि क्रेताओं का पक्ष लेते हुए रेरा ने आरडीए को देय राशि ब्याज के साथ वापस करने का निर्णय दिया। साथ ही 2 माह का समय भी निश्चित किया गया, जिसके भीतर आरडीए क्रेताओं को रकम वापस करने सुनिश्चित करेगा। अब रेरा के निर्णय के बाद भूमि क्रेताओं को मय ब्याज रकम आरडीए वापस देता है या नहीं या आरडीए उच्च न्यायालय की शरण में जाता है, यह देखने वाली बात होगी।

रायपुर स्मार्ट सिटी द्वारा गधी तालाब का जीर्णोद्धार

■ 85.48 लाख रुपये लागत की कार्ययोजना का किया भूमिपूजन

रायपुर/नवप्रदेश। संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने महापौर एजाज ढेबर, छत्तीसगढ़ योग-आयोग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा के साथ रायपुरा स्थित गधी तालाब के जीर्णोद्धार हेतु तैयार की गई कार्य योजना का भूमिपूजन किया। रायपुर स्मार्ट सिटी लि. द्वारा 85.48 लाख रुपये की लागत से गधी तालाब के उन्नयन हेतु कार्य योजना तैयार की गई है। इस अवसर पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के अतिरिक्त प्रबंध संचालक चंद्रकांत वर्मा भी सम्मिलित हुए। कार्यक्रम स्थानीय विधायक उपाध्याय ने उपस्थित आम नागरिकों से कहा कि क्षेत्र के सभी तालाबों का सौंदर्यीकरण आपके सुझाव के अनुसार किया जा रहा है। उन्होंने कहा जोरा एवं डगनिया तालाब का सौंदर्यीकरण कार्य प्रारंभ है, जो जल्द पूरा कर लिया जाएगा। महापौर ढेबर ने एल्डरमेन डेमेंद्र यदु के सुझाव पर अमल करते हुए अधिकारियों को मौके पर ही निर्देशित कर कहा कि तालाब में महिला चेंजिंग रूम के साथ पुरुष चेंजिंग रूम भी बनाया जाए। छ.ग. योग-आयोग के अध्यक्ष एवं नगर पालिक निगम के लोक कर्म विभाग के अध्यक्ष ज्ञानेश शर्मा ने कहा कि पौराणिक महत्व के अनुरूप महादेव घाट एवं मुख्य मार्ग के बाजार को सुव्यवस्थित स्वरूप प्रदान करने कार्य योजना तैयार किये जाने का निर्णय लिया जाएगा।

रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड द्वारा गधी तालाब के चारों तरफ टो-वॉल, रिटेनिंग वॉल रिपेरिंग, पेवर, पाथवे निर्माण, पचरी, घाट निर्माण, सामुदायिक भवन निर्माण, महिला चेंजिंग रूम, लाईटिंग, बेंच, डस्टबिन, साईनेज, ग्रिल, रेलिंग निर्माण, फेन्सिंग, वृक्षारोपण एवं लैंडस्केपिंग का कार्य आगामी 8 माह में पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है। इस अवसर पर रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के मैनेजर सिविल एस. पी. साहू, पार्षद बीरेंद्र देवांगन, रायपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड के डिप्टी मैनेजर श्री राजेश राठौर, असिस्टेंट मैनेजर श्रीमती नलिनि साहू सहित स्थानीय नागरिक उपस्थित रहे।

■ न्यूज गैलरी

मैट्स स्कूल ऑफ इफार्मेशन टेक्नालॉजी विभाग का रंगारंग आयोजन

रायपुर/नवप्रदेश। मैट्स स्कूल ऑफ इफार्मेशन टेक्नालॉजी के तत्वाधान में वाइब्रेन्स 2021 का धमाकेदार आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम यूनिवर्सिटी के चांसलर गजराज पगारिया के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ। विशिष्ट अतिथि के रूप में वाइस चांसलर प्रों. डा. के. पी. यादव तथा कुलसचिव गोकुलानंद पंडा उपस्थित थे। वाइब्रेन्स 2021 एक प्रयास था, छात्रों को उनके कैंपस लाइफमे वापस लौटाने का। विगत दो वर्षो से कोरोना महामारी के चलते, छात्रों की अन्य शैक्षणिंक गतिविधियॉं लगभग शून्य रहीं। वाइब्रेन्स 2021 के तहत सोलो सॉन्ग, सोलो डांस, ग्रुप डांस, फैशन शो तथा रैप बैटल का आयोजन किया गया। उक्त कार्यक्रम में मैट्स यूनिवर्सिटी के अलावा नगर के अन्य विद्यालयों तथा महाविद्यालयों के सौ से भी अधिक प्रतिभगियों ने प्रस्तुति दी। कार्यक्रम के आरंभ में अतिथियों ने माँ सरस्वती के तैल चित्र पर मालयार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया। श्री गणेश वंदना पर आकर्षक नृत्य प्रस्तुत कर आई.टी. विभाग की छात्रा श्रीनिधि ने दर्शकों की खूब तालियाँ बटोरी। खालसा स्कूल के छात्रों के समूह ने जबरदस्त भांगड़ा नृत्य की प्रस्तुति देकर सबको थिरकने पर विवश कर दिया। फैशन शो के ट्रेडिशनल राउंड में प्रतिभागियों ने अपनी श्रेष्ठ प्रस्तुति देकर खूब वाहवाही लूटी। एकल गीत में शास्त्रीय गायन से उपासना ने भी अपनी कला का प्रदर्शन किया। लगभग पांच घंटे तक लगातार चली इस प्रतियोगिता में राष्ट्रीय स्तर के ख्यातिनाम कलाकार निर्णायक की भूमिका में रहे जिसमें, श्री प्रशांत, श्री संकर्षण, डॉ.रूणा एवं नेहा पटनायक प्रमुख रूप से शामिल थीं।

कांग्रेस मनायेगी पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की जयंती

रायपुर/नवप्रदेश। पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शिनी स्व. इंदिरा गांधी की जयंती 19 नवंबर को कांग्रेस प्रदेश के सभी जिलों और ब्लाक मुख्यालयों में मनाया जायेगा। इस अवसर पर प्रार्थना सभा, उनकी मूर्ति पर माल्यार्पण, पुष्पाजंली एवं सभा गोष्ठियो का आयोजन किया जायेगा। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि इंदिरा जी का जीवन समूचे देशवासियो के लये प्रेरणा देता है। उन्होंने प्रधानमंत्री के रूप में देश को मजबूती और विकास के नये आयाम तय किया। बीस सूत्री कार्यक्रम, हरित क्रांति, अंतरिक्ष कार्यक्रम में उनके योगदान को कभी भुलाया नहीं जा सकता।

राज्यपाल ने गुरू नानक जयंती पर दी शुभकामनाएं

रायपुर/नवप्रदेश। राज्यपाल सुश्री अनुसुईया उइके ने गुरू नानक जयंती के अवसर पर प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं और सभी के सुख-समृद्धि की कामना की है। राज्यपाल ने शुभकामना संदेश में कहा है कि गुरू नानक देव जी ने सामाजिक कुरीतियों को दूर करने में प्रमुख योगदान दिया। उन्होंने समाज को आपसी प्रेम और सदभाव बनाए रखने के लिए प्रेरित किया। राज्यपाल ने कहा कि गुरूनानक देव जी के विचार हमेशा प्रासंगिक रहेंगे। हमें उनके दिखाए मार्ग पर चलने और उनके संदेशों को जीवन में उतारने की आवश्यकता है।

भाजपा का चक्का जाम केन्द्र सरकार को चुनौती है

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस प्रवक्ता आर.पी. सिंह ने बयान जारी करते हुए यह कहा है कि 20 तारीख को भारतीय जनता पार्टी द्वारा प्रस्तावित चक्का जाम दरअसल राज्य सरकार के खिलाफ नहीं है बल्कि अप्रत्यक्ष रूप से मोदी सरकार के खिलाफहै। राज्य में भूपेश बघेल जी की सरकार आने के बाद जितना वैट पेट्रोल और डीजल पर डॉ रमन सिंह की सरकार वसूल करती थी उसमें एक रुपए की भी बढ़ोतरी नहीं की गई है फिर भारतीय जनता पार्टी के नेता किस मुँह से हम से वेट कम करने की बात कह रहे हैं? जाहिर सी बात है जो बात राज्य के सभी लोग जानते हैं वह भारतीय जनता पार्टी के नेता भी जानते ही होंगे। छत्तीसगढ़ भाजपा इकाई ने लोगों में नरेंद्र मोदी सरकार के प्रति महंगाई को लेकर बढ़ते आक्रोश को भाँप लिया है और अप्रत्यक्ष रूप से मोदी की केंद्र सरकार को चुनौती देने के लिए चक्का जाम का सहारा ले रहे हैं। कांग्रेस प्रवक्ता आरपी सिंह ने विष्णु देव साय और उनकी पूरी टीम को बहुत-बहुत बधाई दी है कि पूरे हिंदुस्तान में कम से कम छत्तीसगढ़ से ही सही भाजपा में मोदी के खिलाफ आवाज तो उठनी शुरू हो गई है। डॉ मनमोहन सिंह की सरकार में पेट्रोल पर 9.48 रुपए और डीजल पर 3.56 रुपए एक्साइज ड्यूटी लगा करती थी जिसे नरेंद्र मोदी की सरकार ने बढ़ाकर क्रमशः पेट्रोल पर 27.90 रुपए और डीजल पर 21.80 रुपए कर दिया है। पेट्रोल और डीजल पर एक्साइज ड्यूटी की यह दर डीजल में? 10 और पेट्रोल पर ?5 कम करने के बाद की हैं।

सीएम भूपेश ने दी घरेलू बिजली उपभोक्ताओं को राहत

■ बिल में अतिरिक्त सुरक्षा निधि हुई आधी

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी ने घरेलू उपभोक्ताओं को अब अतिरिक्त सुरक्षा निधि में बड़ी राहत दी है। उनके बिल में अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि को 50 प्रतिशत कम कर दिया गया है। घरेलू उपभोक्ता अब जारी की गई राशि से कम बिल जमा कर सकेंगे। जिन उपभोक्ताओं ने बिल जमा कर दिया है, उन्हें अगले महीने इसका लाभ देते हुए उनके व्दारा जमा की गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि की 50 प्रतिशत राशि को बिजली बिल में समायोजित कर दी जाएगी।

छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग के स्थायी निर्देशों के तहत सुरक्षा निधि लेने का प्रावधान है। हर वर्ष बीते 12 महीने के उपयोग किए गए बिजली की औसत खपत की गणना कर अक्टूबर में अतिरिक्त सुरक्षा निधि के अंतर की राशि ली जाती है। इसकी गणना प्रचलित टैरिफ के आधार पर नियमानुसार पहले से जमा सुरक्षा निधि को घटाकर की जाती है। जितनी राशि का अंतर होता है, उतनी अतिरिक्त सुरक्षा निधि की देयता बनती है।

उल्लेखनीय है कि कोरोनाकाल में विगत वर्ष अतिरिक्त सुरक्षा निधि की गणना इस वर्ष के लिए बढ़ा दी गई थी, जिसके कारण इस वर्ष एक साथ दो वर्षों के पश्चात गणना की स्तिथि बन रही है। साथ ही कोरोनाकाल में लाकडाऊन के कारण लोग घरों से बाहर नहीं निकल रहे थे, जिससे उनके घर के ज्यादातर विद्युत उपकरणों का अधिक उपयोग हुआ। इस कारण सामान्य वर्षों की तुलना में इस साल के औसत बिल में वृद्धि हो गई। यह भी एक बड़ा कारण है जिस कारण औसत बिल एवं फ्लस्वरूप, अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि अधिक थी।

उपभोक्ताओं की सुविधा के लिए बिल किये गए अतिरिक्त सुरक्षा निधि को आधी करने के निर्देश मुख्यमंत्री द्वारा दिए गए जिसके उपरांत, छत्तीसगढ़ राज्य विद्युत नियामक आयोग से अनुमति प्राप्त कर घरेलू उपभोक्ताओं को कुल जारी की गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि की राशि का 50 प्रतिशत भुगतान करने की सुविधा दी गई है। इस हेतु बिजली विभाग के मैदानी अमले को निर्देशित कर दिया गया है। उपभोक्ताओं को इसके लिये वर्तमान में जारी बिल में किसी तरह के संशोधन की आवश्यकता नहीं होगी। बिल जमा करते समय अब अतिरिक्त सुरक्षा निधि आधी करके जमा किया जा सकेगा। उपभोक्ता को बिल सुधरवाने बिदली दफ्तर जाना नहीं पड़ेगा अपितु उपभोक्ता बिल में अंकित अतिरिक्त सुरक्षानिधि की राशि के 50 प्रतिशत की गणना स्वयं करके बिल राशि से घटाकर इसे जमा कर सकेंगे। जिन उपभोक्ताओं ने बिल जमा कर दिया है, उन्हें अगले महीने इसका लाभ देते हुए उनके व्दारा जमा की गई अतिरिक्त सुरक्षा निधि की 50 प्रतिशत राशि को बिजली बिल में समायोजित कर दी जाएगी।यह सुविधा पॉवर कंपनी के सभी मेनुअली बिलिंग काउंटर, एटीपी सेंटर और आनलाइन पेमेंट मोड पर उपलब्ध रहेगी।

पंचायत राज सम्मेलन में मंत्रीगण होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। भारत के पूर्व प्रधानमंत्री प्रियदर्शनी इंदिरा गांधी जी की जयंती के अवसर पर 19 नवंबर 2021 शुक्रवार को छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा बुढ़ातालाब स्थित इंडोर स्टेडियम रायपुर में प्रातः 11 बजे पंचायत राज सम्मेलन आयोजित किया गया है। कार्यक्रम में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के छत्तीसगढ़ प्रभारी पी.एल. पुनिया, मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री टी.एस. सिंहदेव, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम, प्रभारी सचिव द्वय डॉ. चंदन यादव, सप्तगिरी शंकर उल्का सहित वरिष्ठ नेतागण विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे।

उक्त सम्मेलन में त्रिस्तरीय पंचायती राज के पंच से लेकर सरपंच, जनपद पंचायत सदस्य, जनपद अध्यक्ष, जिला पंचायत सदस्य, जिला पंचायत अध्यक्षगण भाग लेंगे। सम्मेलन में नये छत्तीसगढ़ के निर्माण में पंचायतों और पंचायत प्रतिनिधियों की भूमिका पर मंथन किया जायेगा।

जम्मू के कटरा में छत्तीसगढ़ के पंथी और सुआ नृत्य ने लोगों का मोहा मन

■ छत्तीसगढ़ के रोवर्स की शानदार प्रस्तुति

रायपुर/नवप्रदेश। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स नई दिल्ली राष्ट्रीय मुख्यालय द्वारा आयोजित नेशनल लेवल एनवायरमेंट अवेयरनेस प्रोग्राम कटरा जम्मू कश्मीर शिविर के चतुर्थ दिवस ग्रेट कैंप फायर के अवसर पर छत्तीसगढ़ का दबदबा रहा। इस दौरान पंथी और सुआ नृत्य ने लोगों का मन मोह लिया।

कैंप फायर में सभी राज्यों से आए प्रतिभागियों को अपने पारंपरिक वेशभूषा में एक कार्यक्रम देना अनिवार्य था। इस तारतम्य में छत्तीसगढ़ के रोवर द्वारा विश्व के सबसे तेज नित्य पंथी नित्य का प्रस्तुतीकरण दिया गया तत्पश्चात गाइड विभाग द्वारा छत्तीसगढ़ के सुआ नित्य का प्रस्तुत किया गया। इन दोनों कार्यक्रम को अतिथि गण एवं सभी प्रतिभागियों का मनमोह लिया। अंत में विश्व रिकॉर्ड करमा नृत्य का प्रस्तुति दिया गया। छत्तीसगढ़ की प्रसिद्ध निनाद छत्तीसगढिया सबले बढिया एवं सुआ करमा ददरिया छत्तीसगढिया सबले बढिया का नारा देकर उत्साहवर्धन किया। कटरा में आयोजित इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ का मान बढ़ाने पर प्रदेश के प्रतिभागियों को छत्तीसगढ़ स्काउट एवं गाइड के राज्य मुख्य आयुक्त विनोद सेवनलाल चंद्राकर, राज्य सचिव कैलाश कुमार सोनी, रायपुर जिला संघ अध्यक्ष जी स्वामी, रायपुर जिला मुख्य आयुक्त सुरेश शुक्ला, जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला आयुक्त अशोक नारायण बंजारा, जिला सचिव मृत्युंजय शुक्ला, जिला संघ के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य प्रकाश शर्मा एवं विरेन्द्र शर्मा ने बधाई प्रेषित किया है।

एयरपोर्ट में घने कोहरे के कारण लैंड नहीं हुई 4 फ्लाइट

■ किया गया डायवर्ड

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी रायपुर में गुरुवार सुबह कोहरे से ढ़का हुआ था, जो देर तक करीब 9 बजे तक रही। मध्य नवम्बर आते ही ठंड ने अपना असर दिखने लगा है। रायपुर सहित आसपास के इलाकों में घने कोहरे छाए थे, इसलिए 4 प्लाइट लैंड नहीं कर सका। घने कोहरे ने गुरुवार को नियमित उड़ानों को रोक दिया। कोहरे की वजह से दिल्ली, मुंबई और बेंगलुरु से आ रहे चार विमान माना एयरपोर्ट पर लैंड नहीं सकी। उनको नागपुर में उतारा गया।

रायपुर हवाई अड्डा प्रबंधन ने बताया कोहरे की वजह से लो विजिबिलिटी (कम दृश्यता) की समस्या पैदा हो गई थी। ऐसे में 8.20 पर आने वाली दिल्ली से रायपुर आने वाली विस्तारा की फ्लाइट वीटीआई793 को डायवर्ट किया गया। उसके बाद 9.15 बजे बेंगलुरु से आने वाली इंडिगो की फ्लाइट आईजीओ405 को भी मोड़ा गया। 9.30 बजे दिल्ली से रायपुर आने वाली एयर इंडिया की फ्लाइट एआईसी469 और 10.21 पर पहुंचने वाली इंडिगो की मुंबई से आने वाली उड़ान आईजीओ5212 को भी डायवर्ट कर नागपुर में उतारा गया।

इसकी वजह से यहां से उड़ान भरने वाले विमानों को भी रोके रखा गया था। इसकी वजह से यात्रियों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा। रायपुर हवाई अड्डे पर हालात सुबह 9.30 बजे के बाद सुधरे। हवाई अड्डा प्रबंधन ने बताया, सुबह 9.30 बजे रनवे की आवश्यक विजिबिलिटी 1200 मीटर हो गई थी। इसके बाद उड़ानों की आवाजाही शुरू हो गई।

हवा का तापमान गिर जाना

मौसम वैज्ञानी एचपी चंद्रा ने बताया कोहरे का कारण

रायपुर मौसम विज्ञान केंद्र के विज्ञानी एचपी चंद्रा बताते हैं, सुबह के समय कोहरा बनने के तीन कारण होते हैं। पहला कारण, हवा का तापमान इतना गिर जाए कि वह लगभग ओसांक बिन्दु के पास पहुंच जाए जिसके कारण हवा में सापेक्ष आर्द्रता लगभग 100 फीसदी हो जाए। दूसरा कारण, हवा लगभग शांत होना चाहिए और तीसरा और अंतिम कारण वातावरण के निम्न स्तर पर एक प्रबल तापमान वित्क्रमण स्थिति में हो। इन तीनों कारणों से मध्यम खाना से घना कोहरा बनने की संभावना बनती है।

चिटफंड कम्पनियों में छत्तीसगढ़ियों का जमा राशि 5000 करोड़ दिलाने की मांग

■ भोले भाले छत्तीसगढ़ियों के खून पसीने की गाढ़ी कमाई डूबने नहीं देंगे : अमित

■ अमित जोगी ने लिखा मुख्यमंत्री-डीजीपी को पत्र।

रायपुर/नवप्रदेश। जनता काँग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) के प्रदेश अध्यक्ष अमित जोगी ने कहा छत्तीसगढ़ के लाखो भोले भाले छत्तीसगढ़ियों के खून पसीने की गाढ़ी कमाई हर हाल में हम डूबने नहीं देंगे। जोगी ने विभिन्न चिटफंड कम्पनियों में लाखों छत्तीसगढ़ियों के जमा ? 5000 करोड़ से भी अधिक राशि दिलाने के लिए राज्य के मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल और डीजीपी को पत्र लिखकर उक्त राशि दिलाने की मांग की है। अमित जोगी ने अपने पत्र में कहा ? 5000 करोड़ से भी अधिक राशि लिखित आश्वासन के साथ कि 6 साल के उनको मूल राशि के साथ आज समेत निर्धारित तिथी तक भुगतान किया जाएगा) के आधार पर जमा कराया गया था। इसका भुगतान 2017 से लंबित है। निवेशको द्वारा अपने निवेश की राशि के भुगतान हेतु पुलिस प्रशासन एवं सरकार से अनेको बार लिखित एवं मौखिक रूप से शिकायत की गयी है परंतु शासन-प्रशासन द्वारा निवेशकों की समस्या के निराकरण हेतु कोई कार्यवाही नहीं की है। उन्होंने कहा शासन-प्रशासन के अधिकांश लोग यह तर्क दे रहे हैं कि प्रकरण सर्वोच्च न्यायालय में लंबित है। यह पूरी तरह निराधार है। माननीय सर्वोच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकरण में केवल सहारा कंपनी और सोसाइटी एवं SEBI को पक्षकार बनाया गया है। इस मामले में उपरोक्त समिति के न तो एजेन्ट और न ही निवेशक पक्षकार बनाए गए हैं। इस आधार पर मध्यप्रदेश ओडिसा एवं अन्य राज्यों में समिति के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कर निवेशकों की करोड़ों की राशि का भुगतान भी कराया है। लेकिन छत्तीसगढ़ सरकार इस दिशा में ठोस कार्यवाही कर निवेशकों की जमा पूंजी वापस दिलाने में पूरी तरह असफल साबित हुई है। अतः आपसे उम्मीद है कि विरुद्ध प्रदेश के सभी थाना प्रभारियों को FIR दर्ज कर निवेशकों की ब्याज समेत राशि दिलाने हेतु उचित निर्देश पारित करें। इस कारण से प्रदेश के समस्त निवेशकों में शासन एवं प्रशासन के विरुद्ध काफी रोष एवं आक्रोष व्याप्त है।

बयानबाजी | संघ प्रमुख के छत्तीसगढ़ यात्रा पर कांग्रेस ने खड़े किये सवाल, आज छत्तीसगढ़ पहुंच रहे आरएसएस प्रमुख

कार्यक्रम के लिये मदकूदीप को ही क्यों चुना?

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस ने आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत के छत्तीसगढ़ यात्रा पर सवाल किया। मोहन भागवत के कार्यक्रम के लिये संघ ने मदकूदीप को ही क्यों चुना? प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि संघ हमेशा से यह दावा करता है कि वह गैर राजनैतिक संगठन है लेकिन हमेशा से वह भाजपा की राजनैतिक जमीन को पुष्पित पल्लवित करने के एजेंडे पर काम करता है। संघ का घोष प्रदर्शन के लिये स्थान चयन मदकूदीप को करना इस बात का प्रमाण है कि संघ भाजपा के ही एजेंडे पर ध्यानाकर्षण का प्रयास है। कोई भी संगठन देश के किसी भी स्थान पर शांतिपूर्ण ढंग से कोई भी कार्यक्रम करने का स्वतंत्र है। लेकिन संघ और भाजपा का इतिहास रहा है कि वह कुछ एक कार्यक्रमों का स्थान चयन जानबूझकर अपने एजेंडे को प्रचारित करने के लिये करता है। सारा छत्तीसगढ़ जानता है मदकूदीप मसीही समुदाय के आकर्षक में लेने के लिये प्रसिद्ध है। संघ मदकूदीप में ''घोष प्रदर्शन'' करके पिछले कुछ महीनों से छत्तीसगढ़ में भाजपा द्वारा फैलाये जा रहे फर्जी धर्मांतरण के मुद्दे को हवा देने का प्रयास मात्र है।

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि मोहन भागवत को संघ और भाजपा नेताओं से पूछेंगे कि वे सब लगातार छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण पर बयानबाजी कर रहे है लेकिन धर्मांतरण के खिलाफ कोई भी भाजपा नेता थानों में रिपोर्ट क्यों दर्ज नहीं करवा रहा? किसी भी ऐसे पीड़ित को भाजपा और संघ के लोग सामने क्यों नहीं ला पा रहे जो धर्मांतरण से पीड़ित है? जबकि छत्तीसगढ़ में धर्मांतरण विरोधी कानून लागू है। फिर संघ और भाजपा कानून का सहारा लेने के बजाय सिर्फ कोरी बयानबाजी क्यों कर रहे है?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग के अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि आरएसएस के मुखिया के होने के नाते क्या संघ प्रमुख छत्तीसगढ़ की अमन पसंद धरती में तनाव फैलाने के लिये छत्तीसगढ़ के संघ कार्यकर्ताओं को फटकार लगायेंगे? मोहन भागवत संघ के छत्तीसगढ़ के प्रमुख नेताओं से यह सवाल भी करे कि कवर्धा से बाहर के संघ और भाजपा के कार्यकर्ता वहां क्या करने गये थे? संघ और भाजपा के नेता कवर्धा में शांति की अपील क्यों नहीं किये? छत्तीसगढ़ की जनता संघ और भाजपा के धर्म से धर्म को लड़ाने वाले चरित्र को भली भांति समझ चुकी है। कवर्धा तनाव को राज्य भर में फैलाने की भाजपा की कोशिश नाकामयाब हो गयी है। धर्मांतरण के फर्जी मुद्दे की हवा निकल गयी है। तब लगता है मदकूदीप में प्रदेश की समरसता बिगाड़ने की नई पटकथा लिखने की तैयारी संघ करने जा रहा।

■ न्यूज गैलरी

मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

दुर्ग (नव प्रदेश)। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के माध्यम से ऋण लेने के लिए आवेदन आमंत्रित किया गया है। मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना अंतर्गत उद्योग क्षेत्र में अधिकतम 25 लाख रूपये, सेवा क्षेत्र में अधिकतम 10 लाख रूपये एवं व्यवसाय क्षेत्र में अधिकतम 2 लाख रूपये ऋण लिया जा सकता है। योजना अंतर्गत सामान्य वर्ग के हितग्राहियों को 10 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख रूपये तक अन्य पिछड़ा वर्ग, महिला, अल्प संख्यक, विकलांग, भूतपूर्व सैनिक, नक्सल प्रभावित आवेदकों को 15 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपये तक एवं अनुसूचित जाति व जनजाति वर्ग के हितग्राहियों को 25 प्रतिशत अधिकतम 1 लाख 50 हजार रूपये मार्जिन मनी की पात्रता होगी निर्धारित मापदंण्ड के अनुसार आवेदक छत्तीसगढ़ राज्य का मूल निवासी होना चाहिए, न्यूनतम 8 वीं कक्षा उत्तीर्ण हो, आवेदक की आयु 18 से 35 वर्ष के मध्य हो (विशेष समुदाय को आयु सीमा में 5 वर्ष की छूट) होनी चाहिए।साथ ही परिवार की वार्षिक आय 3 लाख रूपये से अधिक नहीं होनी चाहिए। योजना का लाभ लेने के लिए हितग्राही आवश्यक दस्तावेज के साथ जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बघेल मेन्शन , आदर्श नगर, महाराजा चौक दुर्ग में 30 नवंबर 2021 तक आवेदन प्रस्तुत कर सकता है। अधिक जानकारी के लिए जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के कार्यालय से संपर्क कर सकते है।

छात्रवृत्ति के लिए आवेदन 30 नवंबर तक

दुर्ग (नव प्रदेश)। अल्पसंख्यक समुदाय मुस्लिम, इसाई, सिख, बौद्ध, जैन एवं फारसी के विद्यार्थियों के लिए प्री मैट्रिक, पोस्ट मैट्रिक, मेरिट कम मीन्स अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति वर्ष 2021-22 हेतु ृेबीवसंतेीपचण्हवअण्पद में आवेदन कर सकते है। आवेदन करने की अंतिम तिथि 30 नवंबर 2021 तक है। समस्त शासकीय/अशासकीय स्कूल, आईटीआई, पालीटेक्निक, महाविद्यालय एवं विश्वविद्यालय के संस्था प्रमुख निर्धारित तिथि में आनलाईन आवेदन (नवीन एवं नवीनीकरण) का वेरीफिकेशन कर आदिवासी विकास विभाग दुर्ग में जमा कर सकते हैं। विस्तृत जानकारी हेतु आदिवासी विकास विभाग कार्यालय दुर्ग से संपर्क कर सकते है।

मुख्यमंत्री ने जामुल नगरीय निकायों में सात करोड़ के विकास कार्यों का किया लोकार्पण

सरकार की दूरदर्शी नीतियों की वजह से छत्तीसगढ़ में किसान बेहतर स्थिति में : भूपेश

■ **राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से हम कृषकों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य दे रहे -मुख्यमंत्री**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। जामुल निकाय में 7 करोड़ रुपये की राशि के कार्यो के लोकार्पण एवं भूमिपूजन के मौके पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार की दूरदर्शी नीतियों की वजह से आज खेती किसानी बेहतर स्थिति में है। उन्होंने कहा कि देशभर में डीएपी का संकट है और अगले साल भी संकट के कम होने के आसार नहीं हैं, डीएपी के मूल्यों के और बढ़ने की आशंका भी है। इस लिहाज से देखें तो छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के माध्यम से जिस तरह से कंपोस्ट खाद का निर्माण किया जा रहा है उससे जैविक खाद के रूप में विकल्प किसानों को प्राप्त हुआ है। इस विकल्प से मिट्टी की उर्वरता सुरक्षित होगी और साथ ही किसान बेहतर उत्पादन भी प्राप्त करेगें। उन्होंने कहा कि मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में जिस तरह से डीएपी की किल्लत बनी हुई है उसे देखकर यह स्पष्ट है कि छत्तीसगढ़ में वर्मी कंपोस्ट के उत्पादन को लेकर जो नीति बनाई गई है, वह बहुत कारगर और किसानों के हित में है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना के माध्यम से हम कृषकों को उनके उत्पादन का उचित मूल्य दे रहे हैं। सरकार ने भूमिहीन मजदूरों का भी ध्यान रखते हुए, उनके लिए भी प्रतिवर्ष 6000 रुपये देने की योजना सुनिश्चित की है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर किसानों से अरवा धान लेने की अपील की। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने अरवा धान लेने का ही निश्चय किया है इसलिए मैं किसानों को अरवा धान बोने की सलाह देता हूं। मुख्यमंत्री ने जामुल के विकास के लिए घोषणाएं भी की। इसके साथ ही मुख्यमंत्री ने 4 वार्डों में विद्युत खंभों की घोषणा भी की। साथ ही राजीव नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास सीसी रोड की घोषणा तथा 4 तालाबों के सौंदर्यीकरण की भी घोषणा की। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर कहा कि शासकीय सेवाओं में भी रोजगार के अधिकतम द्वार शासन द्वारा आरंभ किए गए हैं उन्होंने कहा कि जामुल क्षेत्र के विकास के लिए किसी तरह की राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी।

सिविक सेंटर के विकास के लिए मुख्यमंत्री ने की 10 करोड़ की घोषणा

■ **शहीद-ए-आजम भगत सिंह के कृतित्व को किया याद**

■ **म्यूजिकल फाउंटेन का किया लोकार्पण**

नव प्रदेश संवाददाता

दुर्ग। शहीद पार्क में म्यूजिकल फाउंटेन के उद्घाटन के मौके पर पहुंचे मुख्यमंत्री ने कहा कि शहीद पार्क हमारे शहीदों की सुंदर स्मृतियों को सहेजने के लिए बनाया गया है। यहां शहीदे आजम की प्रतिमा हमें उनके महान बलिदान की याद दिलाती है। भिलाई में शहीदों की स्मृति को सहेजने के लिए यह सुंदर उपक्रम किया गया है। मेरा सौभाग्य है कि मैं साल में दो बार आया हूं, पहली बार शहीद पार्क के उद्घाटन के मौके पर और इस बार म्यूजिकल फाउंटेन के लोकार्पण के मौके पर। शहीद भगत सिंह ने बहुत कम आयु में हमें बलिदान की ऐसी सीख दी, जिस पर हम हमेशा गौरव करेंगे। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने कहा कि भिलाई के विकास के लिए हर संभव कार्य किए जाएंगे। उन्होंने सिविक सेंटर के विकास के लिए 10 करोड़ रुपये की राशि की घोषणा भी। इस मौके पर विधायक श्री देवेंद्र यादव ने कहा कि भिलाई में अधोसंरचना एवं सौंदर्यीकरण के अनेक कार्य मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने स्वीकृत किये हैं। शहीद पार्क का भी यह सुंदर कार्य उनके हाथों हुआ है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री ने आज पूरा दिन भिलाई को दिया और बहुत सारे विकास कार्यों का लोकार्पण और भूमि पूजन किया। भविष्य में भी भिलाई में निरंतर विकास कार्य होंगें।

8 सेंटरों में कोविशील्ड के 14 सौ डोज एवं को वैक्सीन के 7 सौ डोज उपलब्ध

दुर्ग (नव प्रदेश)। नगर पालिक निगम सीमान्तर्गत शुक्रवार 19 नवम्बर को दुर्ग शहर के 8 केंद्रों में वैक्सीनशन किया जाएगा। इन 8 सेंटरों में कोविशील्ड और को वैक्सीन लगाए जाएंगे। आयुक्त हरेश मंडावी के निर्देश पर दुर्ग शहर में अलग-अलग सेंटरों के लिये कोविशील्ड 14 सौ और को वैक्सीन 7 सौ उपलब्ध कराए गए हैं। .महावीर कोविड़ सेंटर -कोविशील्ड 300 एवं को वैक्सीन 300,जिला अस्पताल, दुर्ग -कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100, यूपीएचसी धमधानाका -कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100,यूपीएचसी बघेरा -कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100,यूपीएचसी पोटियाकला -कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100,कृष्णा धर्मशाला -कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 150,सिंधी धर्मशाला -कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 50,पटेल भवन गया नगर - कोविशील्ड 200 एवं को वैक्सीन 100 में लगाए जायेगे टीके।

अंतर इस्पात संयंत्र शतरंज प्रतियोगिता के चयन स्पर्धा हेतु सूचना जारी

भिलाई। क्रीड़ा, सांस्कृतिक एवं नागरिक सुविधायें विभाग एवं बीएसपी शतरंज क्लब के संयुक्त तत्वावधान में इस्पात क्लब, हॉस्पिटल सेक्टर में दिनांक 21 नवम्बर, 2021 को दोपहर 12:00 बजे से बीएसपी शतरंज टीम चयन करने के लिये चयन स्पर्धा आयोजित की गई है। जिन खिलाड़ियों को इंटरनेषनल रेटिंग प्राप्त हो, पूर्व में अंतर इस्पात संयंत्र प्रतियोगिता में शामिल खिलाड़ी हो जो बीएसपी/माइंस के अधिकारी/कर्मचारी एवं टाउनषिप के 25 वर्ष से कम उम्र के युवा हैं तथा बेरोजगार हैं वे ही इस स्पर्धा में हिस्सा ले सकते हैं। स्पर्धा षाम को 04:00 बजे से होगी। इच्छुक प्रतिभागी 20 नवम्बर, 2021 को प्रतियोगिता के पूर्व श्री अलंकार भीवगडे (मो.न. 9407981054) श्री मिथिलेष बंजारे (मो.न. 8357815801) एवं श्री एस के भगत के पास अपना नाम दर्ज करा सकते है। इस चयन स्पर्धा के चयनकर्ता होंगे, श्री एन के बंछोर-अध्यक्ष बीएसपी चेस क्लब, श्री अलंकार भीवगडे-अन्तर्राष्ट्रीय आर्बीटर तथा श्री आर पी सिंह-राष्ट्रीय खिलाड़ी।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 20211100400131

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक रेवाराम साहू आ. बरातू साहू निवासी से. -5 भिलाई द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम बोरसी प.ह.न. 19/23 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 241/137 रकबा 0.021 हें/2275 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

मा.क्र.//अ-74/ वर्ष 2020 -21

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदिका तीज बाई सोनकर पति गुमान सिंह सोनकर निवासी खड़मुड़ा प.ह.नं. 05 तह. पाटन द्वारा ग्राम खुड़मुड़ा की भूमि खसरा नं. 757/2 का टु. व 758 का टु रकबा कुल 1250 वर्गफुट आवेदक के नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसकी मूल ऋणपुस्तिका प्राप्त नहीं होने के कारण ऋणपुस्तिका प्रदाय किए जाने आवेदन किया गया है।

अतएव् इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 04.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 18.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202111101000061/202111101000061
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरूद प.ह.न. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- विकास कुमार चौबे
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक विकास कुमार चौबे पिता भीम कुमार चौबे निवासी कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न 19अ रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि संयुक्त ख.नं 1285/2 रकबा 0.012 हे./ भूमि विकास कुमार चौबे पिता भीम कुमार चौबे अन्य के नाम पर शामिलात खाते में दर्ज है जिसमें भूमि स्वामी उत्तरा चौबे पति स्व. भीम कुमार चौबे की मृत्यु दिनांक 31/8/21 को फौत हो जाने के कारण मृतक का नाम खाते से विलोपित कर शेष खातेदारों का नाम राजस्व अभिलेख में यथावत रखे जाने एवं उसके वैध वारिसानों का नाम दर्ज किए जाने बाबत फौती नामांतरण आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 मृत्यु प्रमाण पत्र की छाया की प्रति प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 07.12.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.11.2021 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार भिलाई 03 जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-/ वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका दम्यन्ती शंभरगड़े पिता/पति मदनलाल शभरगड़े निवासी नागपुर तह. नागपुर जिला महाराष्ट्र के द्वारा मौजा ग्राम चरोदा तह. पाटन जिला दुर्ग छ.ग. में स्थित भूमि/शासकीय पट्टे से मिली भूमि खसरा नं. 404/190 रकबा 0.015 हे. भूमि को गैर आदिवासी क्रेता .... के पास विक्रय किए जाने की अनुमति पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत दिनांक 23.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 16.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202111101000066/202111101000066
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरूद प.ह.न. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- श्रीमती रोशनी राजपूत
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्रीमती रोशनी राजपूत पति चंद्रभान सिंह सेंगर पता कुरूद भिलाई द्वारा ग्राम कुरूद प.ह.न 19अ रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि संयुक्त ख.नं 33/2 कुल रकबा 1.143 हे. में से रकबा 0.009 हे./ 1000 वर्गफीट भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर विक्रेता शंकर लाल निषाद पिता काशी राम निषाद अन्य-01 निवासी कुरूद भिलाई से क्रय किया है कि नामांतरण किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय बैनामा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 30.11.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 15.11.2021 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक महेन्द्र सिंह पिता श्री रामपाल निवासी शंकर नगर दुर्ग (छ.ग.) मौजा उरला प.ह.नं. 07 रा.नि.मं. दुर्ग01 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 772 रकबा 0.008 हे. भूमि को आममुख्तयार पुसई बाई अन्य पति स्व. सुन्दर लाल से दिनांक 30/04/21 को क्रय कर रजिस्ट्री बैनामा निष्पादित किया है आवेदक द्वारा उक्त बैनामा के आधार पर नामांतरण करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 30.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र 202111100700185/अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती पूनम पाण्डेय पति राकेश कुमा पाण्डेय निवासी ग्राम मैत्री नगर रिसाली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम रिसाली तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 461/6 रकबा 0.026 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बिमला पाण्डेय की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 16.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार भिलाई नगर तह. व जिला दुर्ग (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202111101000017//अ-27/ वर्ष 2021 -22

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक रेजी चाण्डी वर्गीस पिता स्व. चाण्डी जार्ज निवासी से.4 बोकारो स्टील सीटी के द्वारा ग्राम कोहका प.ह.नं-19 रा.नि.मं कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नं. 2742 रकबा 0.040 हे./4260 वर्गफीट भूमि शामिलात खाते में दर्ज है। उपरोक्त वर्णित भूमि पंजीकृत बंटवारा नामा के आधार पर खाता विभाजन किए जाने बाबत भू.रा. सहिता 1959 की धारा 178 के तहत आवेदन पत्र मय बी-1 की नकल नक्शा खसरा की छायाप्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव् इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 24.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 03.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मा.क्र.//अ-74/ वर्ष 2020 -21

उद्घोषणा

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि धनीराम पिता/पति हरीशचंद्र निवासी घघसीडीह तहसील व जिला दुर्ग द्वारा अपने हक की क्रय शुदा भूमि ग्राम घुघसीडीह प.ह.नं. 46 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 389 रकबा 0.050 हे. भूमि का प्राप्त ऋणपुस्तिका गुम/जीर्ण शीर्ण हो जाने के कारण नया ऋणपुस्तिका मिलने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है जिस पर प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव् इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 11.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 29.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 20211100400133

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदिका कुसुम लता देवांगन पति राजेन्द्र देवांगन निवासी राधिक नगर सुपेला द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम उमरपोटी प.ह.न. 42 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 303/37 रकबा 0.015हें/ 1449 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — अनुविभागीय अधिकारी, दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मा.क्र.//अ-27/ वर्ष 2020 -21

ईश्तहार

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजेन्द्र स्व. कशी राम निवासी कोलिहापुरी तहसील व जिला दुर्ग विरूद्ध उमेन्द्र, अनुसुईया, गणेशिया, सोनाबाई, पिता काशीराम निवासी ग्राम कोलिहापुरी तह. व जिला दुर्ग द्वारा मौजा ग्राम कोलिहापुरी प.ह.नं. 27 अपने हक की भूमि खसरा नं. 68, 69, 72 रकबा क्र. 0.5200, 0.0900, 0.2000 हे. कुल रकबा 0.8100 हे. लगान 0.50 हे. पैसे राजस्व अभिलेख में दर्ज है। जिसका खाता विभाजन किए जाने हेतु इस न्यायालय में पेश किया है।

अतएव् इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 22.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 20.10.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — नायब तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

व्यक्तिगत सूचना

मा.क्र./2021081070074/अ-6/वर्ष 2020-21

प्रति, 1. पी.के. अग्रवाल आ. एम.एल.अग्रवाल 2. आर.एस.पाण्डेय आ. राम शंकर पाण्डेय 3. रितेश वर्मा आ. आर.के. वर्मा साकिन सिविल लाईन मोहन नगर दुर्ग तह. व जिला दुर्ग।

विषय- क्रय/विक्रय शुदा भूमि का नामांतरण बाबत्।

आपको सूचित किया जाता है कि ग्राम तितुरडीह प.ह.न 20 तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 10/114 का टुकड़ा रकबा 0.103 हेक्टेयर भूमि को पंजीकृत विक्रय दिनांक 20/09/2005 के द्वारा आवेदक के पास विक्रय किया गया है। आवेदक क्रेता त्रिलोक सिंह ढिल्लो वगै आ. स्व. सुरता सिंह ढिल्लो के द्वारा उक्त भूमि को राजस्व अभिलेख में नाम दर्ज करने हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसका प्रकरण विचाराधीन है। प्रकरण सुनवाई हेतु दिनांक 27/11/21 को नियत है। अतः आप नियत सुनवाई दिनांक को न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा पेश कर सकते है। बाद में आपत्ति आवेदन पर कोई विचार नहीं किया जावेगा

आज दिनांक 11.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202111101000047/202111101000047
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरूद प.ह.न. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- फेकन बाई
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फेकन बाई पति स्व. कार्तिक पता पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई ग्राम कुरूद प.ह.न 19अ रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि संयुक्त ख.नं 181/1, 184/1, 252/1 1086/1, 1207/1, 130, 571/1 रकबा 0.140, 0.090, 0.080, 0.100, 0.010, 0.430, 0.110 हे./ भूमि का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत् न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 27.11.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.11.2021 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202111101000046/202111101000046
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

कुरूद प.ह.न. 00050 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- फेकन बाई
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक फेकन बाई पति स्व. कार्तिक पता पुरानी बस्ती कुरूद भिलाई ग्राम कुरूद प.ह.न 19अ रा.नि.म कोहका तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि संयुक्त ख.नं 123 रकबा 0.430 हे./ भूमि का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो जाने के कारण द्वितीय प्रति ऋण पुस्तिका प्रदाय किए जाने बाबत् न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 27.11.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 12.11.2021 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र 202111100700201/अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती शैल पाण्डेय पति स्व. महेन्द्र पाण्डेय निवासी ग्राम पुराना पुलिस लाईन दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 108/6 शा. 108/7 रकबा 0.0120 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार महेन्द्र कुमार पाण्डेय की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र 202111100700169/अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक लक्ष्मण साहू पिता स्व. बिसौहा निवासी ग्राम नयापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 694/8/प्र रकबा 0.004 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सखातेदार के नाम पर वर्तमान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदित भूमि के खातेदार बिसौहा की मृत्यु हो जाने पर फौती दर्ज कर मृतक खातेदार के सभी विधिक वारिसानों का नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 29.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 15.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र 202111100700200//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मिशाल इन्फ्रास्ट्रक्चर पार्टनर रतेश कुमार जैन पिता हीरालाल जैन निवासी ग्राम गंजपारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 448/2 रकबा 3.399 हे. भूमि को विक्रेता कुमारी अराधना उर्फ मनीषा पिता सत्यप्रकाश निवासी ग्राम सतना से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 24.08.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 09.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र 202111100700197//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मो. रिजवाननुद्दीन पिता स्व. रमीजुद्दीन निवासी ग्राम केलाबाड़ी दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 687/657 रकबा 0.024 हे. भूमि को विक्रेता मो. नासीर पिता रमीजुद्दीन निवासी ग्राम केलाबड़ी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 9.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र 202111100700199//अ-06/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक हेमन्त देवांगन पिता किशन लाल देवांगन निवासी ग्राम डिपरापारा दुर्ग तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कसारीडीह तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 602/33 रकबा 0.008 हे. भूमि को विक्रेता श्रीमती ललिता वर्मा पति स्व. अशोक कुमा वर्मा निवासी ग्राम केलाबड़ी दुर्ग से रजिस्टर्ड बैनामा दिनांक 9.11.2021 को क्रय किया गया है। उक्त आवेदित भूमि को रजिस्टर्ड बैनामा के आधार पर क्रेता के पक्ष में प्रमाणीकरण किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 06.12.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 17.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अति. तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

मा.क्र.//अ-74/ वर्ष 2020 -21

उद्घोषणा-पत्र

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक चेलाराम यादव पिता स्व. चौहान सिंह यादव उर्फ चेतन सिंह निवासी जयंती नगर सड़क नं.5 दुर्ग के द्वारा आवेदन पेश किया गया है कि उनकी भूमिस्वामी हक की भूमि मौजा ग्राम सिकोला प.ह.नं. 08 रा.नि.मं. सिकोला तह. व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नं. 322/1 रकबा 0.018 हे. भूमि दर्ग है। उक्त भूमि का मूल ऋणपुस्तिका गुम हो गया है जिसका द्वितीय प्रति में ऋणपुस्तिका प्राप्त करने हेतु आवेदन इस न्यायालय में विचाराधीन है।

अतएव् इस संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को इस संबंध में आपत्ति दावा या उजर पेश करना हो तो दिनांक 26.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति दावा या उजर प्रस्तुत कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्ति आवेदन पर कोई कार्यवाही नही किया जावेगा।

आज दिनांक 09.11.2021 को मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय के पद मुद्रा से प्रकाशन हेतु जारी किया जाता है।

मुहर — अति. तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

रा.प्र.क्र 202111100700083//अ-74/वर्ष 2021-22

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है आवेदक कैलाश साहू वगै. पिता/पति रूपदास साहू निवासी ग्राम पोटियाकला तहसील दुर्ग जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम पोटियाकला तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 73/220, 87/313, 346/41, 352/1, 352/3, 371/3, 444/2/5, रकबा 1.1370, 0.0240, 0.0090, 0.0360, 0.0160, 0.0420 हे. भूमि जो कि आवेदक/शामिलात सहखातेदार के नाम पर वर्तामान राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक द्वारा मूल ऋण पुस्तिका गुम हो जाने पर डुप्लिकेट ऋणपुस्तिका प्रदाय करने हेतु आवेदन पत्र चालान की मूल प्रति बैंको द्वारा प्रस्तुत अनापत्ति प्रमाण पत्र, थाना की रिपोट व राजस्व अभिलेख सहित इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 26.11.2021 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 11.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक एन. शशिधरण पिता रामन लालू निवासी आशीष नगर रिसाली भिलाई तहङ दुर्ग द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 5 तह. पाटन व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 1009/18 का रकबा 0.02 हे. जो कि राजस्व अभिलेख में स्व.हेसियाम्मा के नाम पर दर्ज है। सहखातेदार स्व. हेसियाम्मा की मृत्यु दिनांक 18/04/2021 को हो जाने के कारण उनका नाम विलोपित कर उनके वारिसानों का नाम फौती दर्ज करने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 24.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 24.10.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार भिलाई के न्यायालय में मामला

क्रमांकः 202111101000080/202111101000080
विषयः अ-6 सन्- 2021-2022

मामले की श्रेणी-राजस्व

ढोर प.ह.न. 00017 (हे.)
पक्षकारों का विवरण- इश्वरी
अनावेदक पक्षकार -

ईश्तहार

एतद द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक ईश्वरी पिता श्री लीलक राम पता ढौर द्वारा ग्राम ढौर प.ह.न 17 रा.नि.म जामुल तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि संयुक्त ख.नं 527/2 का टु. कुल रकबा 0.66 हे. आवेदक एवं अन्य के नाम पर दर्ज है। खसरा नं. 605/1 रकबा 0.13 हे. दर्ज है इस प्रकार बैनामा के अनुसार 0.53 हे. भूमि अंकित है। भूमि 0.17 हे. खण 575 का रकबा है जिसे सुधार दर्ज किए जाने बाबत आवेदन पत्र मय खसरा बी-1 की छाया की प्रति प्रस्तुत किया गया है।

अतएव इस संबंध में किसी भी व्यक्ति/ संस्था को उजर दावा हो सुनवाई तिथि दिनांक 08.12.2021 तक या उसके पूर्व स्वयं या अपने मान्य अधिवक्तागण के साथ उपस्थित होकर अपना आपत्ति प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित तिथि के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 17.11.2021 को जारी किया जाता है।

अतिरिक्त तहसीलदार, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय तहसीलदार पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

ईश्तहार

रा.प्र.क्र./अ-06/ वर्ष 2020-21

एतद् द्वारा सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक राजा राम देवांगन पिता सरजू राम देवांगन निवासी सुपेला तह. भखरा द्वारा ग्राम अमलेश्वर प.ह.नं. 5 तह. पाटन व जिला दुर्ग में स्थित भूमि खसरा नंबर 570/77 का रकबा 0.0150 हे., 1571 वर्गफुट जो कि राजस्व अभिलेख में विष्णु प्रसाद आ. माखनलाल सोनकर के नाम पर दर्ज है। पंजीबद्ध विक्रय पत्र के माध्यम से दिनांक 13/10/21 को क्रय किए जाने के कारण अपना नाम राजस्व अभिलेख में दर्ज किए जाने आवेदन पेश किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा/आपत्ति करना हो तो नियत पेशी दिनांक 22.11.2021 अथवा प्रकाशन तिथि से 15 दिवस तक स्वयं अथवा अपने द्वारा अधिकृत व्यक्ति के माध्यम से कार्यालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 02.11.2021 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय मुहर के साथ जारी किया गया।

मुहर — तहसीलदार, पाटन जिला दुर्ग (छ.ग.)

संपादकीय

आस्तीन के सांपों का फन कुचलना जरूरी

जम्मू कश्मीर में भारतीय सेना और सुरक्षा बल के जवान अपनी जान हथेली पर लेकर आतंकवादियों के खिलाफ अभियान चला रहे है। चुन चुन कर आतंकवादियों को बहत्तर हूरों के पास रवाना किया जा रहा है। अभी भी वहां कई आतंकवादी छिपे हुए है जिनके खिलाफ अभियान चल रहा है। भारतीय सेना की इस कार्यवाही से आस्तीन के सांपों को बहुत तकलीफ हो रही है और वे जहर उगलने से बाज नहीं आ रहे है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने एक बार फिर भारतीय सेना और सुरक्षा बल में जवानों पर सवालिया निशान लगाया है। मुठभेड़ में मारे गए आतंकवादियों और उनके हिमायतियों की पैरोकारी करते हुए महबूबा मुफ्ती ने अपनी आदत के अनुसार एक बार फिर भड़काउ बयान दिया है जिसका भारतीय सेना ने मंहुतोड़ जवाब दिया है। यही नही बल्कि अब महबूबा मुफ्ती के खिलाफ नजरबंदी की कार्यवाही भी की गई है। महबूबा मुफ्ती लगातार भड़काउ बयानबाजी करती आ रही है। जब से जम्मू कश्मीर से 370 का खात्मा हुआ है डॉ फारूख अब्दुल्ला, उमर अब्दुल्ला और महबूबा मुफ्ती विवादास्पद और भड़काउ बयान देते आ रहे है। ये तीनों पूर्व मुख्यमंत्री पाकिस्तान की भाषा बोलते रहे है। हिन्दुस्तान का खाने और पाकिस्तान का गाने वाले इन आस्तीन के सांपों का फन कुचलना निहायत जरूरी है वरना जम्मू कश्मीर में अशांति फैलाने की इनकी कोशिशें इसी तरह जारी रहेंगी। दरअसल इन तीनों ने कश्मीर को अपने बाप की जागीर समझ रखा है। अब इन्हे इस बात को अहसास हो चुका है कि इनकी राजनीतिक दुकान नहीं बंद हो रही है। यही वजह है कि यह अपनी खीज मिटाने के लिए खिसियानी बिल्ली की तरह जब तब खम्भा नोंचने लगते है कभी भारत सरकार को पाकिस्तान से बात करने की नसीहत देते है तो कभी तालिबान की पैरोकारी करने लगते है। इन लोगों के खिलाफ अब सख्त कार्यवाही करना आवश्यक है।

विचार

बलूच बगावत और दक्षिण एशिया

डॉ. वेदप्रताप वैदिक

टी-20 विश्व कप क्रिकेट खेल में पहले भारत हारा और अब पाकिस्तान भी हार गया। भारत पाकिस्तान से हारा था और पाकिस्तान आस्ट्रेलिया से हार गया। अब देखिए कि दोनों देशों ने अपनी-अपनी हार को कैसे लिया? भारत हारा तो हमारे कुछ मुसलमान जवानों को इसलिए गिरफ्तार करने की आवाजें उठने लगीं कि उन्होंने पाकिस्तानी टीम को बधाई दे दी थी जबकि ऐसी बधाई तो हारी हुई टीम के भारतीय कप्तान ने पाकिस्तानी टीम के कप्तान को भी दी थी। लेकिन आप उन बलूचों को भी देखिए कि जो पाकिस्तान के ही नागरिक हैं लेकिन पाकिस्तान की हार पर जश्न मना रहे हैं, जुलूस निकाल रहे हैं, प्रदर्शन कर रहे हैं और आस्ट्रेलिया को बधाइयां भेज रहे हैं। क्या भारत में ऐसा कुछ करने की हिम्मत किसी में है? क्या किसी ने भारत की हार पर खुशी मनाई है? नहीं, सिर्फ पाकिस्तान को बधाई दी है। वह भी किसी इक्का-दुक्का नौजवान ने! आखिर भारत और पाकिस्तान में यह फर्क क्यों है? वास्तव में जो दुर्दशा बलूचों की पाकिस्तान में है, उसके मुकाबले भारत के मुसलमान कहीं बेहतर हालत में हैं। यों तो हर देश में अल्पसंख्यकों को कुछ न कुछ असंतोष रहता ही है लेकिन पाकिस्तान के बलूच, पठान और सिंधी लोगों को आप थोड़ा-सा भी कुरेदें तो आप पाएंगे कि जिन्ना का दो राष्ट्रों का सिद्धांत अभी तक परवान नहीं चढ़ सका है। मजहब के नाम पर पाकिस्तान बन तो गया लेकिन मजहब उस देश को एक राष्ट्र का रूप नहीं दे पाया। 1971 में बांग्लादेश बन गया और आज भी पाकिस्तान के पंजाबियों से बलूचों, पठानों और सिंधियों को इस्लाम एक नहीं कर पाया। याने राष्ट्र के आधार के तौर पर मजहब नाकाम हो गया है। हालांकि आजकल सिंध और पख्तूनिस्तान की आजादी की मांग दबी-दबी हो गई है लेकिन बलूचों ने बगावत का झंडा गाड़ रखा है। वे पाकिस्तान की सभी सरकारों और फौज की नाक में दम किए रहते हैं। बलूचिस्तान में पाकिस्तान की लगभग आधी जमीन है लेकिन आबादी सिर्फ 3 प्रतिशत है। बलूचिस्तान की खदानों और बंदरगाहों का सामरिक महत्व बहुत ज्यादा है। वहां चीन की दखलंदाजी भी बढ़ती जा रही है। यदि बलूचिस्तान टूटेगा तो पाकिस्तान के दूसरे प्रांत भी बगावत कर उठेंगे। यदि पाकिस्तान के टुकड़े होंगे तो यह दक्षिण के लिए ठीक नहीं होगा। इस समय सबसे जरुरी यह है कि दक्षिण एशिया के सभी अलगाववादी आंदोलन शांत हों और सारा दक्षिण एशिया एक बड़े और सहनशील परिवार की तरह एक होकर रहे।

टेक ज्ञान-

14000 रुपये से कम में लॉन्च हुआ Moto G Power

नई दिल्ली। स्मार्टफ़ोन कंपनी मोटोरोला लगातार एक के बाद के प्रोडक्ट लॉन्च कर रही है। हाल ही कंपनी ने मोटो वॉच 100 को लॉन्च किया। इस के बाद, मोटोरोला ने अब Moto G Power (2022) लॉन्च किया है। स्मार्टफोन 2021 में लॉन्च किए गए मोटो जी पावर का सक्सेसर है। मोटोरोला ने स्मार्टफोन की घोषणा की है लेकिन यह खुलासा किया है कि मोटो जी पावर कब सेल के लिए अवेलेबल होगा। लेकिन कंपनी ने खुलासा किया कि डिवाइस अगले साल तक शिप नहीं किया जाएगा।

सलमान और अल्वी ही कांग्रेस की असली पहचान

विष्णुगुप्त

अभी-अभी कांग्रेस के बड़े नेताओं ने हिन्दुओं को अपमानित करने वाले जो बयानबाजी की है, वह तो कांग्रेस का मूल चरित्र है। इसमें अप्रत्याशित होने का कोई औचित्य नहीं है। कांग्रेस के बड़े नेता राशिद अल्वी ने जय श्रीराम बोलने वालों को हिंसक और राक्षत बताया है। अगर ऐसा ही कुछ बयान किसी ने मुस्लिम देश में देता तो उसका हश्र क्या होता? यह बात किसी से छिपी हुई नहीं है। उसका हश्र निश्चित तौर हिंसक होता और डरावना होता? फ्रांस में सिर्फप्रश्न पूछने और चित्राकंन सहित पढ़ाने पर मुस्लिमों ने एक टीचर की हत्या कर दी थी। एक मैगजीन द्वारा मुसलमानों के प्रतीक चिन्ह के खिलाफकार्टून बनाने मात्र पर मैगजीन के कार्यालय को जला कर राख कर दिया गया था, उस मैगजीन के करीब एक दर्जन पत्रकारों की हत्या कर दी गयी थी। सलमान खुर्शीद हिन्दुओं की तुलना बोकोहरम और आईएस की आतंकवादियों से की है।

दुनिया में कोई भी पार्टी बहुसंख्यक आबादी और समाज को खारिज कर, अपमानित कर, खिल्ली उड़ाकर सत्ता में बैठ नहीं सकती। ऐसा उदाहरण यूरोप और अमेरिका में भी नहीं मिलता जहां पर लोकतंत्र को बहुत ही व्यावहारिक, उदारवाद और अल्पसंख्यक हित वाला माना जाता है। फिर भी यूरोप और अमेरिका की राजनीति चर्च और ईसायत की खिल्ली उड़ाने का साहस नही कर सकती है। अरब देशों जहां पर मुस्लिम शासन पद्धति है वहां पर तो इस्लाम का ही शासन होता है, इस्लाम को वहां पर खारिज करने की बात तक सोची नहीं जा सकती है। भारत में दो ऐसे राज्य हैं जहां पर बहुसंख्यक आबादी पर ही शासन व्यवस्था कायम होती है। उदाहरण के लिए पंजाब और जम्मू-कश्मीर है। पंजाब में सिख आबादी की खिल्ली उड़ाने, सिख आबादी को अपमानित करने या फिर सिख आबादी के आस्था प्रतीकों पर चोट कर कोई दल शासन का अधिकार हासिल नहीं कर सकता है। ठीक इसी प्रकार जम्मू कश्मीर में धारा 370 के पहले वाली स्थिति में बहुसंख्यक मुस्लिम आबादी का प्रतिनिधित्व करने वाली राजनीतिक पार्टियां ही शासन करती थी। पंजाब और जम्मू कश्मीर में बहुसंख्यक आबादी के खिलाफ रहने वाली राजनीतिक पार्टियां कभी भी सत्ता का दावेदार नहीं हुई। कम्युनिस्ट तानाशाही ही ऐसी शासन पद्धति हैं जहां पर सभी धार्मिक आस्था और सभी वर्गो के प्रतीक चिन्हों पर चोट होती है। लेकिन कम्युनिस्ट तानाशाही घोर हिंसक होती है, घोर अमानवीय होती है, घोर दमनकारी होती है, मनुष्यता को गुलामी में घेरकर रखने वाली होती है। इसलिए कम्युनिस्ट तानाशाही प्रेरक आईकॉन नहीं हो सकती है।

पर भारत की कांग्रेस पार्टी अपवाद है। कांग्रेस पार्टी बहुसंख्यकों के प्रतीकों को छिन्न-भिन्न कर, बहुसंख्यकों की अस्मिता को जुतों से रौंद कर, बहुसंख्यकों को अपमान कर , बहुसंख्यकों को दोयम दर्जे के नागरिक बना कर, संवैधानिक रूप से बहुसंख्यकों को धार्मिक अधिकार से वंचित कर सत्ता पर बैठती रही है। कोई एक दो बार नहीं बल्कि बार-बार भी। जवाहर लाल नेहरू से लेकर मनमोहन सिंह-सोनिया गांधी तक इसके उदाहरण हैं। एक प्रश्न आपके बीच उठता रहेगा कि बहुसंख्यक संवैधानिक रूप से भी धार्मिक तौर पर अधिकार से कैसे वंचित हैं? मुस्लिम आबादी अपने धर्म के अनुसार चार-चार शादियां कर सकता है। क्या कोई हिन्दू चार शादियां कर सकता है? अगर कोई हिन्दू दूसरी शादी करता है तो फिर उसकी जगह जेल होगी। कोई भी मुस्लिम आबादी और अन्य अल्पसंख्यक आबादी अपना शिक्षण संस्थान, मेडिकल कालेज तक खोल कर सरकारी सुविधा हासिल कर सकता है पर उस पर सरकार के नियम कानून नहीं लागू होंगे पर ऐसा अधिकार बहुसंख्यक आबादी के पास नहीं है। मुस्लिम आबादी अपने स्कूलों में कूरान को पढ़ा सकता है पर कोई बहुसंख्यक आबादी अपने स्कूलों में गीता और रामायण नहीं पढ़ा सकता है। ये उदाहरण साबित करने के लिए काफी हैं कि इस देश के बहुसंख्यक दोयम दर्जे के ही नागरिक हैं। मूर्ख तक यह है कि हम पंथ निरपेक्ष हैं। हमारा संविधान पंथ निरपेक्ष है। पर हम पंथ निरपेक्ष क्यों है, हमारा संविधान पंथनिरपेक्ष क्यों हैं? क्या आपने इस पर विचार किया है? इसलिए कि अभी आबादी के तौर पर हिन्दू अधिक है और मुस्लिम कम हैं। मुस्लिम की संख्या जैसे ही 30 प्रतिशत होगी वैसे ही भारत कापंथनिरपेक्ष संविधान की स्थिति जर्जर और निष्प्राण होने लगेगा। मुस्लिम आबादी जैसे ही 40 प्रतिशत कुछ ज्यादा होगी वैसे ही भारतीय कापंथनिरपेक्ष संविधान की काया को जला कर राख कर दी जायेगी। दुनिया में कोई ऐसा उदाहरण कोई दे सकता है क्या?, जिसमें आधी आबादी मुस्लिम हो और उस देश का संविधान पंथनिरपेक्ष हो और वहां की सत्ता पर राज करने वाली पार्टी का आधार व सोच बहुसंख्यक आबादी की खिल्ली उड़ाने वाली, अपमान करने वाली या फिर बहुसंख्यक आबादी को संवैधानिक तौर पर गुलाम बन कर रखने वाली है? ऐसा उदाहरण दुनिया में कहीं भी नहीं है। यह सब उसी कांग्रेस की करतूत है जिस कांग्रेस पर आज सोनिया गांधी, राहुल गांधी और प्रियंका गांधी का राज है। भारत का संविधान तो जवाहरलाल नेहरू की ही धरोहर है। कांग्रेस यह कहना नहीं भूलते की संविधान हमने बनाया है, यह हमारी धरोहर है।



वास्तविक स्थिति तो यह है कि भारत में हिन्दू ही जगह-जगह से खदेड़े जा रहे हैं। क्या कश्मीर से हिन्दू नहीं खदेंडे गये? क्या पश्चिम बंगाल से हिन्दुओं का सफाया नहीं हो रहा है?देश की राजधानी दिल्ली के कई इलाकों से हिन्दुओं को खदेड़ा गया है। मुस्लिम बहुलतावाले क्षेत्रों में हिन्दुओं को अपनी पूजा पद्धति से वंचित किया जा रहा है। ऐसी खबरें आम हो रही हैं। हिन्दुओं की आबादी लगातार घट रही है। हिन्दुओं का धर्मपरिवर्तन कराया जा रहा है। धर्म परिवर्तन के हथकंडे भी जगजाहिर है। योगी सरकार की जांच के बाद कई मौलवी और मुस्लिम नेता धर्म परिवर्तन के आरोप में जेल भेजे गये हैं। ईसाई मिशनरियों का धर्मपरिवर्तन का खेल पुराना है। धर्म परिवर्तन के लिए लोभ, लालच और डर का हथकंडा अपनाया जाता है। सलमान खुर्शीद और राशिद अल्वी जैसे लोगों पर तालियां बजाने वाले सांप्रदायिकता की एकांगी सोच का प्रतिनिधित्व करते हैं।

जवाहरलाल नेहरू कहते थे कि वे मन-मस्तिष्क से मुसलमान हैं। इस सिद्धांत पर ही उनकी कांग्रेस चली, उनके खानदान के इंदिरा गांधी, राजीव गांधी चले। अब इसी सिद्धांत पर सोनिया गांधी चल रही है, राहुल गांधी चल रहे हैं और प्रियंका गांधी चल रही है। यूपीए वन और यूपीए टू के समय में जब सोनिया गांधी सुपर प्रधानमंत्री थी और उनके चंपू मनमोहन सिंह प्रधानमंत्रे थे तब उनकी पूरी नीति बहुसंख्यकों को अपमानित करने और जमींदोज करने की थी। हिन्दुओं को अपमानित करने लिए , हिन्दुओं की खिल्ली उड़ाने के लिए, हिन्दुओं को दोयम दर्जे के नागरिक बनाने के लिए, हिन्दुओं के प्रतीक चिन्हों को जमींदोज करने के लिए एक सरकारी संस्था बनायी गयी थी। उस संस्था का नाम था सलाहकार परिषद। सलाहकार परिषद की अध्यक्ष सोनिया गांधी हुआ करती थी। हिन्दू धर्म के घोर विरोधियों को खोज-खोज कर सलाहकार परिषद का सदस्य बनाया गया था। हर्षमंदर, तीस्ता सितलवाड़ जैसे दर्जनों हिन्दू विरोधी इस सलाहकार परिषद के सदस्य थे। इस सलाहकार परिषद ने एक ऐसे अधिनियम की परिकल्पना की थी कि दंगे में सिर्फ हिन्दू जेल जायेंगे, दंगे में सिर्फ हिन्दुओं को ही जिम्मेदार ठहराया जायेगा, दंगे की जांच और दंगे पर फैसला सुनाने वाले जज मुस्लिम होंगे। उस अधिनियम के खिलाफ हिन्दू संगठनों की प्रतिक्रियाएं भी तेज हुई थी। अगर तीसरी बार कांग्रेस केन्द्रीय सत्ता में आती तो फिर वह अधिनियम भी संसद से पास करा दिया जाता। मनमोहन सिंह की सरकार ने रामसेतु पर सुप्रीम कोर्ट में एफ्डेविट देकर कहा था राम भगवान नहीं है, ऐसा कोई प्रमाण नहीं है।

इंदिरा गांधी: गूंगी गुड़िया से बनी लौह महिला

योगेश कुमार गोयल

खुद इंदिरा जी को अपनी मौत का पहले ही आभास हो गया था लेकिन फिर भी वह अपने नेक इरादों से टस से मस न हुई और अलगाववादियों के खिलाफ अपना अभियान पहले से भी तेज कर दिया। 30 अक्तूबर 1984 को भुवनेश्वर की एक विशाल जनसभा को संबोधित करते हुए इंदिरा ने अपनी हत्या का पूर्वाभास होने का स्पष्ट संकेत देते हुए कहा था, ''देश की सेवा करते हुए यदि मेरी जान भी चली जाए तो मुझे गर्व होगा।

19 नवम्बर 1917 को पं. जवाहरलाल नेहरू के घर जब प्रियदर्शिनी नामक कन्या ने जन्म लिया था तो किसे पता था कि यही कन्या आगे चलकर न केवल इस देश की बागडोर संभालेगी बल्कि इसकी दबंगता पूरी दुनिया में मिसाल बन जाएगी। ऑक्सफोर्ड और स्विट्जरलैंड में उच्च शिक्षा प्राप्ति के पश्चात् इंदिरा गांधी ने भी उच्च पद पर नौकरी करने या कोई अन्य कार्य करने के बजाय अपना जीवन देशसेवा में ही समर्पित करने का निश्चय किया। देशभक्ति की भावना इंदिरा जी में बचपन से ही कूट-कूटकर भरी थी। विदेशी वस्तुओं के बहिष्कार के आव्हान से प्रेरित होकर बचपन में ही इन्होंने अपने घर के बाहर अपने कीमती कपड़ों की होली जलाकर न केवल अपनी इसी भावना का परिचय दिया था बल्कि उसके बाद इंदिरा जी से प्रेरणा लेकर इस आन्दोलन ने पूरे देश में जोर पकड़ा था।

इंदिरा जी के स्कूली दिनों में एक दिन स्कूल में गांधी जी के आमरण अनशन को लेकर एक सभा का आयोजन था, जिसमें बच्चों को भी बोलने का अवसर दिया गया था। जब इंदिरा जी ने बोलना शुरू किया तो सभागार में सन्नाटा छा गया और सभी एकटक इंदिरा को निहारने लगे कि इतनी छोटी बालिका इतनी गूढ़ बातें कैसे कर रही है। उन्होंने कहा, ''आखिर स्वर्ण अपने ही दलित भाईयों को गिरा हुआ, छूत और निकृष्ट क्यों समझते हैं तथा उनके साथ दुर्व्यवहार और अत्याचार क्यों करते हैं? अगर हमने अपनी ही सेवा करने वालों का इस तरह से निरन्तर तिरस्कार न किया होता तो आज अंग्रेजों को इस प्रकार लाभ उठाने का अवसर न मिल रहा होता और न ही बापू को इस तरह से आमरण अनशन कर अपने प्राण दांव पर लगाने पड़ते।'' इंदिरा जी की इन गूढ़ और तर्कसम्मत बातों के समक्ष सभी नतमस्तक थे और उनकी सराहना कर रहे थे। इंदिरा में बचपन से ही एक अच्छी राजनेता होने के तमाम गुण विद्यमान थे। 21 वर्ष की आयु में वह कांग्रेस में शामिल होकर सक्रिय राजनीति में कूद पड़ी। उसके बाद उन्होंने आजादी के आन्दोलन में बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

1942 में उन्होंने फिरोज गांधी से प्रेम विवाह किया किन्तु 1960 में फिरोज गांधी का अकस्मात् निधन हो गया। पिता जवाहरलाल नेहरू के निधन के बाद देश की बागडोर संभालने की जिम्मेदारी इंदिरा के कंधों पर आई तो अपनी

दृढ़ता, दबंगता, निडरता और वाकपटुता से उन्होंने दुनियाभर को अपना लोहा मानने को विवश कर दिया। अमेरिका और ब्रिटेन जैसे विकसित एवं प्रभावशाली देशों में भी उनकी तूती बोलती थी। 1966 से 1977 तक उन्होंने देश पर एकछत्र शासन किया और उनकी कार्यशैली तथा देश के प्रति उनका समर्पण भाव देखकर विरोधी भी उनकी सराहना किए बिना नहीं रह पाते थे। हालांकि लालबहादुर शास्त्री के बाद प्रधानमंत्री बनी इंदिरा को शुरूआती दौर में 'गूंगी गुड़िया' की उपाधि दी गई थी किन्तु बहुत ही कम समय में अपने साहसिक निर्णयों से इंदिरा ने साबित कर दिखाया था कि वो एक 'गूंगी गुड़िया' नहीं बल्कि 'लौह महिला' हैं।

बैंकों के राष्ट्रीयकरण तथा 1971 के भारत-पाक युद्ध में भारत की शानदार जीत के बाद इंदिरा जी जनमानस की आंखों का तारा बन गई थी किन्तु 1975-77 के इमरजेंसी काल ने उनकी छवि पर ग्रहण लगाने में प्रमुख भूमिका निभाई और इस दौर ने उनकी छवि एक तानाशाह के रूप में स्थापित कर दी। यही वजह रही कि 1977 में इंदिरा को पहली बार हार का सामना करना पड़ा और सत्ता उनके हाथ से छिन गई किन्तु निराश होना तो जैसे उन्होंने सीखा ही नहीं था, इसलिए 1980 में एक बार फिर विशाल बहुमत के साथ वह सत्ता में लौटी। अपने शासनकाल में उन्होंने कभी अलगाववादी व साम्प्रदायिक आग भड़काने वाले तत्वों को नहीं पनपने दिया। ऐसे तत्वों को उन्होंने बेदर्दी से कुचलने में जरा भी देर नहीं लगाई। 1980 में पुनः देश का शासन संभालने के बाद पंजाब में अलगाववादी ताकतों ने खालिस्तान की मांग शुरू की और दूसरे मुल्कों की शह पर अपने नापाक इरादों को कामयाब बनाने के लिए सिख अलगाववादियों ने भयानक नरसंहार का दौर शुरू किया तथा पंजाब में अवैध रूप से हथियारों के जखीरे इकट्ठा करने शुरू कर दिए। देश की जांबाज, निडर एवं साहसी नेता इंदिरा को भला यह कैसे सहन होता, इसलिए जैसे ही उन्हें खबर मिली कि सिख अलगाववादियों ने अमृतसर के स्वर्ण मंदिर जैसी पाक जगह में भी हथियारों का विशाल जखीरा इकट्ठा किया है तो उन्हें देश की एकता और अखंडता कायम रखने तथा अलगाववादियों के मंसूबों पर पानी फेरने के लिए इस पवित्र धर्मस्थल के भीतर न चाहते हुए भी 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' के तहत पुलिस भेजने का सख्त निर्णय लेना पड़ा। हालांकि उस वक्त स्वर्ण मंदिर के भीतर पुलिस बल भेजने के उनके फैसले की बहुत आलोचना हुई किन्तु जब स्वर्ण मंदिर से हथियारों का बहुत बड़ा जखीरा बरामद हुआ और धार्मिक स्थल की आड़ में चल रही इस राष्ट्र विरोधी साजिश का भंडाफोड़ हुआ तो उन्हीं लोगों ने इंदिरा जी की सराहना की। उसके बाद इंदिरा ने जिस दिलेरी और दृढ़ता के साथ अलगाववादियों को रौंदा, वह एक मिसाल बन गया लेकिन अलगाववादियों के विरूद्ध चलाए गए उनके इसी ऑपरेशन की वजह से ही वह उनकी हिट लिस्ट में सबसे ऊपर आ गई और उन्होंने हर हाल में उनकी हत्या कर उन्हें अपने मार्ग से हटाने की ठान ली।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

इस जीवन की

इस जीवन की चादर में, सांसों के ताने बाने हैं, दुख की थोड़ी सी सलवट है, सुख के कुछ फूल सुहाने हैं. क्यों सोचे आगे क्या होगा, अब कल के कौन ठिकाने हैं, ऊपर बैठा वो बाजीगर , जाने क्या मन में ठाने है. चाहे जितना भी जतन करे, भरने का दामन तारों से, झोली में वो ही आएँगे, जो तेरे नाम के दाने है। - डॉ दुलारी चंद्राकर

एक प्यार भरा दिल

एक प्यार भरा दिल जो किसी का बुरा न चाहे एक प्यार भरा दिल जो प्यार के बदले प्यार सम्मान के बदले सम्मान चाहे कैसे दे *सबूत* ये दिल अपनी भावनाओं का ये दिल अपने दर्द का झझते हुए ज़माने की हर देखी अनदेखी चाल से सोचता अक्सर ही खोया सा अपनी तन्हाईयों में क्यों होती है सियासत यूँ रिश्तों में उलझाती नफ़रत को प्यार की राह मुस्कान को आँसू सुख को दुख से। - मीनाक्षी सुकुमारन

ख़ास पाती | वो जिसकी आँचल को अपनी

वो जिसकी आँचल कोअपनी धोती की कोर से बांधकरले आया था अपने साथ इस उम्मीद पर कि आँखों से बहने नहीं दूँगा आँसू चेहरे पर उगी पतझर सी उदासी को हर रोज खशियों से सीचूँगा तिनका-तिनका चुन लूँगा बेरहम मौसम के उगाए खरपतवार और उसकी आँखों में बसंत बो दूँगा रोज बिनकर ले आऊँगा अंजूरी भर हरसिंगार के फूल उसके बालों में टांकने के लिए उसके होठों पर खिले गुलाब से अपने आँगन भर लूँगा उसी के आँख का कतरा - कतरा पानी आजकल रोज देखता हूँ एक हारे हुए माली की तरह। -अमित कुमार अम्बष्ट

हौसला दिल को मिरे कितना मिला

हौसला दिल को मिरे कितना मिला है धूप में खूवाहिशों की इक रिदा ये बुन रहा है धूप में किस क़दर सहमे हुए हैं खौ़फ़से अहले चमन फ़स्ले दहशत कौन ये बो कर गया है धूप में छाँव में जब तक थे तो रिश्ते सभी महफ़ूज़ थे आज तो हर एक रिश्ता जल रहा है धूप में कितने दरिया आज तक इसने किए ज़ेरे ज़मीं , देखिये तो किस बला का हौसला है धूप में आनी जानी छाँव है ये कर सकेगी क्या 'वफ़' , रेत पर सहरा नशीं ने लिख दिया है धूप में। - कविता सिंह

शहंशाह जग में वही,जिसकी चले

शहंशाह जग में वही,जिसकी चले दुकान। बाकी सारे चोर हैं , कहते ये नादान।। नभ में उड़ने की नहीं,अपनी कोई चाह। बस इतनी है लालसा,दिल में मिले पनाह।। प्रभु से केवल माँगता,खाने को दो जून। देश भक्ति का हृदय में,कायम रहे जुनून।।3

- डॉ बिपिन पाण्डेय

फकीर हूं तभी तो फकीरों में

फकीर हूं तभी तो फकीरों में हूं गुमान तो कतेह नहीं रखता दिखावें की जिंदगी का बांट सको जो दुसरो का दर्द यही जिंदगी है रह सको खड़े हमराही बनकर यही जिंदगी है बस चंद लम्हों की जिंदगी हैं यारों क्या तेरा और मेरा हैं मत हो परेशान खुद के दर्द को देखकर बस इतना ही समझ लो दुसरो के दर्द से दर्द कम मेरा हैं न जाने कब वक्त का सवेरा हैं क्या तेरा और मेरा हैं फकीर हूं तभी तो फकीरों में हूं। - सोनू कुमार आकाश

रेत की गाड़ी संसार सागर में

रेत की गाड़ी संसार सागर में तमाम गुणों और अवगुणों के वशीभूतपृथ्वी की तरह अनवरत घूमती हुई ज़िन्दगी का चलना एक दशा दर्शन है रेत की गाड़ी।

- पुष्पा त्रिपाठी पुष्प

उसूल भी हमारे हैं ये इमारत

उसूल भी हमारे हैं, ये इमारत भी हमारी है ना जाने जलने वालों को कौन सी बीमारी है ! किसी के कहने से कोई नहीं गिरता यहाँ ! दुनिया तो हमेशा जज्बा दिखाने वालों से हारी है।

- प्रवीण माटी

अनछुए ख़्वाब जब कई अनछुए

अनछुए ख़्वाब जब कई अनछुए ख़्वाब आँसू की बूंद बन एक बार ही बिखर जाए समझ लेना उस पल उन ख्वाबों ने ख्वाहिशों से समझौता कर लिया मुस्कुरा कर देख एक नज़र उनकी तस्वीर फिर इश्क़ रुहानी छूकर कि वो नंदिता में सवँर जाए।

- नंदिता तनूजा

QUIZ TIME

Ramaquiz

1) रायपुर में स्थापित आई.आई.एम. देश का कौन से नम्बर का प्रबंध संस्थान है?
2) वाई-फाई सिस्टम से कनेक्ट होने वाली प्रदेश की प्रथम यूनिवर्सिटी कौन-सी है?
3) छत्तीसगढ़ का प्रथम कृषि महाविद्यालय रायपुर में किस वर्ष स्थापित किया गया था?
4) प्रसिद्व शारदा संगीत महाविद्यालय किस जिले में स्थित है?
5) रतनपुर में राम मंदिर निर्मित कराने वाले मराठा शासक का नाम क्या था?

उत्तरमाला- (1) 10वां (2) हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (3) 1961 (4) कबीरधाम (5) बिम्बाजी भोंसले

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1824 - रुस के सेंट पीटर्सबर्ग शहर में बाढ़ से दस हजार लोगों की मौत। 1895 - फ्रेडरिक ई ब्लेसडेल ने पेंसिल का पेंटेट कराया। 1933 - यूरोपीय देश स्पेन में महिलाओं को मताधिकार का अधिकार मिला। 1951 - अमेरिका ने नेवादा में परमाणु परीक्षण किया। 1952 - स्पेन यूनेस्को का सदस्य बना। 1982 - नौवें एशियाई खेल दिल्ली में शुरु। 1986 - पर्यावरण संरक्षण अधिनियम लागू हुआ। 1977 - मिस्र के राष्ट्रपति अनवर सादात की ऐतिहासिक इजरायल यात्रा। 1994 - भारत की ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड चुनी गईं। 1995 - कर्णम मल्लेश्वरी ने भारोत्तोलन में विश्व कीर्तिमान बनाया। 1997 - कल्पना चावला अंतरिक्ष जाने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। 2002 - ऑस्कर पुरस्कार से सम्मानित अभिनेता जेक्स कोबर्न का लॉस एंजिलिस में निधन। 2005 - पाकिस्तान के राष्ट्रपति जनरल परवेज मुशर्रफ़ने भारत को भूकम्प पीड़ितों के हित में कश्मीर समस्या सुलझाने का सुझाव दिया। 2006 - भारत ने परमाणु ऊर्जा और यूरेनियम सप्लाई के लिए आस्ट्रेलिया का समर्थन मांगा। 2007 - अफ़ग़ानिस्तान के दक्षिण पश्चिम प्रान्त निमरोज में हुए आत्मघाती हमले में गवर्नर के बेटे समेत सात लोगों की मौत। 2008 - संयुक्त राष्ट्र की अंतर्राष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी के प्रमुख मो. अलबरदेई को इंदिरा गांधी अंतर्राष्ट्रीय अवार्ड देने की घोषणा की गई। 2013 - लेबनान की राजधानी बेरुत में ईरानी दूतावास के समीप हुये दोहरे आत्मघाती बम धमाके में 23 लोगों की मौत, 160 अन्य घायल।

घटिया साइड सोल्डर निर्माण को लेकर कांग्रेस-भाजपा आमने-सामने

देवभोग/नवप्रदेश। एनएच की गुणवत्ताहीन सोल्डर कार्य को लेकर भाजपा और कांग्रेस एक बार फिर आमने-सामने आ गए हैं। एक ओर कांग्रेस सोल्डर कार्य को केंद्र सरकार के अंडर में होने के चलते इंजीनियर सहित ठेकेदार पर संरक्षण देने का आरोप लगा रही तो वहीं भाजपा भी पलटवार करते हुए भ्रष्टाचार का ठीकरा भाजपा पर फोड़ने की पुरानी आदत बता रही है। बता दें कि देवभोग-अभनपुर एनएच के साइड सोल्डर निर्माण के साथ सुरक्षा इंतजाम के लिए केंद्र सरकार करोड़ों रुपए आवंटित किया है। विभागीय अफसरों द्वारा कार्य शुरू कर राशि जारी करने दिखाई पड़ रहे, लेकिन इस बीच गुणवत्ताहीन सोल्डर कार्य को लेकर जनता में आक्रोश है। वहीं भाजपा व कांग्रेस में भी आरोप-प्रत्यारोप शुरू कर दिया है। केंद्र सरकार से जारी अनुसार राशि का बिल्कुल भी कार्य नहीं हो रहा है। सोल्डर कार्य दलदल के बीच

टू व्हीलर और फोर व्हीलर आपस में दुर्घटना का शिकार हो रहे। मुख्य सड़क नीचे उतरने पर बारिश से भीगा हल्का मुरमी कीचड़ में तब्दील हो चुका है। विभाग द्वारा कराए गए सोल्डर कार्य ज्यादा दिनों तक टिकना मुश्किल है।

कोई कसर नहीं छोड़ रहे जवाबदार

जिम्मेदार अधिकारी कार्य प्रगति पर होना बताकर अपना पल्ला झाड़ रहे हैं। जबकि सोल्डर कार्य के दौरान विभागीय अधिकारी खानापूर्ति के लिए दिशा निर्देश देकर लौट जाते हैं। जिसका लाभ ठेकेदार द्वारा उठाया जा रहा। मतलब 24 घंटा आवाजाही से व्यस्त वाले नेशनल हाईवे पर भी जिम्मेदार लापरवाही बरतने में कोई कसर नही छोड़ रहे है। जिसका खामियाजा वर्तमान में लोगों को भुगतना पड़ रहा है।

> राज्य में तो कांग्रेस की सरकार है फिर भी भ्रष्टाचार का ठीकरा भाजपा पर फोड़ने की आदत से बाज नहीं आई है और एनएच सोल्डर कार्य में लीपापोती होगी तो शिकायत कर जांच एवं कार्यवाही की मांग करेंगे।
>
> **डमरूधर पुजारी,** भाजपा विधायक
>
> भाजपा सरकार या उनके अंतर्गत कार्य में ही भ्रष्टाचार होती है जिससे शक्ति के साथ भूपेश बघेल सरकार निपटती है। एनएच सड़क में गुणवत्ताहीन कार्य को लेकर कलेक्टर से शिकायत करेंगे।
>
> **भावसिंह साहू,** अध्यक्ष जिला कांग्रेस

बुलेट में पटाखा सायलेंसर लगा कर फर्राटे मारना पड़ा महंगा

भाटापारा/नवप्रदेश। शहर पुलिस द्वारा चलाये जा रहे दुपहिया वाहन चेकिंग अभियान में पकड़ाए दो बुलेट वाहन चालकों को न्यायालय ने मोटर व्हिकल एक्ट के तहत 15 हजार 500 और 9 हजार 500 रुपए के फाइन से दंडित किया है। शहर की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने और वाहन चालकों को यातायात नियमों की अनदेखी ना करने के उद्देश्य के साथ शहर पुलिस द्वारा थानेदार महेश ध्रुव के नेतृत्व में मोटर सायकिल चेकिंग अभियान लगातार जारी है। इस अभियान में शहर में बुलेट वाहन एवं अन्य दोपहिया वाहनों में पटाखा युक्त सायलेंशर लगाकर तथा तेज रफ्तार से गाड़ी चलाकर लोगों को परेशान करने वाले दो बुलेट वाहनों को मोटर व्हीकल एक्ट की विभिन्न धाराओं में जिसमें पटाखा युक्त सायलेंशर मिलने पर कार्यवाही करते हुए न्यायालय में पेश किया गया था। जिन पर कोर्ट ने जुर्माना लगाया।

जिला स्तरीय राष्ट्रीय बाल श्रम परियोजना समिति गठित

बेमेतरा/नवप्रदेश। भारत सरकार श्रम एवं रोजगार मंत्रालय द्वारा बाल श्रम परियोजना संचालन के संबंध में बेमेतरा जिले में जिला स्तरीय बाल श्रम परियोजना समिति का गठन किया गया है। कलेक्टर द्वारा जारी आदेश के मुताबिक समिति के अध्यक्ष कलेक्टर/जिला मजिस्ट्रेट, सदस्य सचिव अपर कलेक्टर, समिति के सदस्यों मे मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत बेमेतरा, सांसद जिला बेमेतरा, विधयकगण जिला बेमेतरा, जिला शिक्षा अधिकारी बेमेतरा, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी बेमेतरा, श्रम पदाधिकारी बेमेतरा, सहायक आयुक्त आदिवासी विकास विभाग, प्राचार्य शा.औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था, सहायक संचालक औद्योगिक स्वास्थ्य एवं सुरक्षा, महाप्रबंधक जिला उद्योग केन्द्र, खाद्य अधिकारी, जिला कार्यक्रम अधिकारी जिला महिला एवं बाल विकास विभाग, कोषालय अधिकारी, जिला जनसंपर्क अधिकारी, लीड बैंक अधिकार, प्रवर डाक अधीक्षक, प्रतिनिधि श्रमिक संघ बेमेतरा, प्रतिनिधि पंचायती राज बेमेतरा, प्रतिनिधि स्वयं सेवी संस्था, प्रतिनिधि नियोक्ता बेमेतरा, प्रतिनिधि पालक समिति बेमेतरा, प्रतिनिधि श्रम आयुक्त (केन्द्रीय) कार्या. केन्द सरकार शामिल हैं।

बिसेसर दास साहू बने सांसद प्रतिनिधि

राजनांदगांव। पूर्व जिला पंचायत सदस्य एवं कृषि समिति के सभापति जिला पंचायत राजनांदगांव बिसेसर दास साहू को जिला जल उपयोगिता समिति जल संसाधन संभाग राजनांदगांव में सांसद संतोष पाण्डे ने अपने प्रतिनिधि के रूप में नियुक्ति किया है। बिसेसर दास साहू भविय में समस्त बैठकों व विभागीय कार्यवाही में प्रतिनिधि के रूप में उपस्थित रहेंगे। समस्त बैठक व कार्यवाही की सूचना कार्यालय सहित बिसेसर दास साहू को दी जाएगी।

वैट टैक्स कम नहीं करने के विरोध में भाजयुमो ने निकाली धक्का रैली

कवर्धा/नवप्रदेश। भारतीय जनता युवा मोर्चा प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर एवं भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल सिंह के निर्देश पर भाजयुमो द्वारा छत्तीसगढ़ में पेट्रोल डीजल पर लगने वाले वैट टैक्स को कम करने की मांग को लेकर राज्य सरकार के विरुद्ध धक्का रैली का आयोजन किया गया। रैली ठाकुर देव चौक से प्रारंभ होकर गुरुनानक गेट से होते मुख्य बाजार

से सिग्नल चौक में रैली सम्पन्न हुई। भाजयुमो कार्यकर्ता ठेले के ऊपर मोटर साइकिल को रख कर प्रदर्शन किए और बाकी कार्यकर्ता मोटर साइकिल को धक्का लगाते नजर आए। इसमें मुख्य रूप से भाजपा जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर, पूर्व विधायक अशोक साहू, शहर मंडल अध्यक्ष चंद्रप्रकाश चंद्रवंशी, भाजयुमो जिलाध्यक्ष पीयूष सिंह उपस्थित थे। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि पूरी कांग्रेस सरकार कमीशनखोरी के आधार पर चल रही है। राज्य सरकार की उदासीनता के कारण महंगाई अपने चरम पर है। उत्तरप्रदेश में चुनाव होने वाला है और हमारे मुख्यमंत्री पर्यवेक्षक बनते हैं और वहां खर्चे की भरपाई के लिए छत्तीसगढ़ में सीमेंट का रेट बढ़ जाता जिसकी मार आम जनता पर पड़ती है।

कोरोना टीकाकरण का शत-प्रतिशत लक्ष्य पूरा करने फिर चलेगा विशेष महाअभियान

- सुरक्षित है कोरोना टीका, इसे बेझिझक लगवाएं. सीएमएचओ
- 18 नवंबर को होने वाले विशेष महा अभियान का किया जा रहा है व्यापक प्रचार-प्रसार

राजनांदगांव। कोरोना संक्रमण की रोकथाम व इससे बचाव का प्रयास करते हुए संक्रमण की संभावित तीसरी लहर की आशंका के बीच जिले में एक बार फिर एक दिवसीय कोरोना टीकाकरण विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। अधिक से अधिक लोगों को टीकाकृत किया जा सके, इस उद्देश्य को पूरा करने के लिए जिला प्रशासन के निर्देश पर ग्रामीण क्षेत्र में मुनादी कराई जा रही है। एक दिवसीय टीकाकरण विशेष महाअभियान का शहरी क्षेत्र में भी विभिन्न माध्यमों से प्रचार-प्रसार किया जा रहा है।

जिला कलेक्टर तारण प्रकाश सिन्हा के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वाथ्य अधिकारी डॉ. मिथिलेश चौधरी के मार्गदर्शन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा ग्रामीण और शहरी क्षेत्र में शत-प्रतिशत लोगों को टीकाकृत करने हेतु लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। जिले में एक दिवसीय टीकाकरण विशेष महाअभियान कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के साथ ही महिला एवं बाल विकास विभाग, पंचायत विभाग और राजस्व विभाग के समन्वय से किया जाएगा।

जिला टीकाकरण अधिकारी डॉ. बीएल तुलावी ने बताया, जिले में शत-प्रतिशत कोरोना टीकाकरण का लक्ष्य पूरा करने तथा लोगों को कोरोना संक्रमण से पूरी तरह सुरक्षित रखने के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा हरसंभव प्रयास किए जा रहे हैं। गांव-गांव में कोरोना टीकाकरण किया जा रहा है।

प्रभारी मंत्री भगत खैरागढ़ पहुंचकर देवव्रत सिंह दी श्रद्धांजलि :

राजनांदगांव/नवप्रदेश। प्रभारी मंत्री अमरजीत भगत ने खैरागढ़ पहुंचकर कमल विलास पैलेस में खैरागढ़ विधायक एवं पूर्व सांसद देवव्रत सिंह के छायाचित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। प्रभारी मंत्री ने स्वर्गीय देवव्रत सिंह के परिजनों से भेंट कर शोक संवेदना प्रगट की। इस मौके पर एसडीएम खैरागढ़ लवकेश ध्रुव एवं अन्य जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित थे।

कार्यालय संपदा अधिकारी छ.ग. गृह निर्माण मण्डल सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-दुर्ग (छ.ग.)

आम सूचना

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि श्री रामउपकार तिवारी आ. स्व. दीनानाथ तिवारी एवं श्री दिनेश सिंह आ. स्व. हीरा सिंह निवासी कैम्प-1 भिलाई जिला दुर्ग (छ.ग) को छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, प्रक्षेत्र दुर्ग अंतर्गत भवन क्रमांक एल.आई.जी 2/ 307 औद्योगिक क्षेत्र भिलाई जिला दुर्ग में आबंटित हुआ है। आबंटीयों श्री राम उपकार तिवारी एवं श्री दिनेश सिंह के द्वारा उक्त भवन का विक्रय पत्रक उप पंजीयक कार्यालय दुर्ग से दिनांक 25/03/2014 एवं फ्री होल्ड निष्पादन दिनांक 24/11/2014 पश्चात उक्त भवन बैनामा/ हकत्याग रजिस्ट्र दिनांक 23/01/15 को श्री दिनेश सिंह आ. स्व. हीरा सिंह के नाम पर विक्रय/हीकत्याग कर दिया गया है। नवीन क्रेता/हकग्रहिता श्री दिनेश सिंह के द्वारा पंजीकृज दस्तावेज आधार पर उक्त भवन का स्वामित्व मण्डल अभिलेख में अपना नाम पर दर्ज कराने हेतु आवेदन किया है।

अतः नवीन क्रेता/हकग्रहिता श्री दिनेश सिंह के एकल नाम पर हस्तान्तरण/नामांतरण किया जाता है तो किसी भी व्यक्ति, वारिसान, शासकीय, अर्धशासकीस बैंक वित्तीय निकायों इत्यादी को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के भीतर लिखित में आपत्ति/दावा इस कार्यालय में कार्यालयीन समय पर उपस्थित होकर प्रस्तुत करें। बाद में प्राप्त आपत्ति/ दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा एवं नामांतरण की कार्यवाही करने के लिए मण्डल स्वतंत्र रहेगा।

मेरे हस्ताक्षर तथा कार्यालय के मोहर के साथ आज दिनांक 08/11/21 को जारी किया गया है।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल
प्रक्षेत्र दुर्ग (छ.ग)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202111100400142

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक केजी मेकर्स यूनिट गगन अग्रवाल आ. सत्यनारायण अग्रवाल निवासी केजी मेकर्स गंजपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1135/17 रकबा 0.075 हें/8275 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)

उद्घोषणा

पंजी. नं. 202111100400141

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक केजी मेकर्स यूनिट गगन अग्रवाल आ. सत्यनारायण अग्रवाल निवासी केजी मेकर्स गंजपारा दुर्ग द्वारा अपने स्वामित्व की भूमि ग्राम चंदखुरी प.ह.न. 29 तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1132/2 रकबा 0.110 हें/11921 वर्गफीट के आवासीय प्रयोजन हेतु डायवर्सन के लिए छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 59 (2) के तहत् पुर्ननिर्धारण बाबत् आवेदन प्रस्तुत किया है। जिसके संबंध में प्रकरण विचाराधीन है।

अतएव इस संबंध में आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का दावा -आपत्ति हो तो प्रकरण में उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा ।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 16.11.2021 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर
अनुविभागीय अधिकारी
दुर्ग जिला, दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे, मोतीबाग चौक, रायपुर (छ.ग.)
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 315/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित भवन/ भूमि/ 57/सी-224/437 शैलेन्द्र नगर जो कि निगम अभिलेख में पुनमचंद साठिया पिता करनीदास साठिया के नाम से दर्ज है, जिसको (1) श्रीमती ममता लुनावत पति स्व. सुनील लुनावत (2) निधि लुनावत (3) अमन लुनावत पिता स्व. सुनील लुनावत (4) श्रीमती कल्पना लुनावत पति स्व. सुदीप लुनावत (5) ऋषभ लुनावत (6) वन्या लुनावत पिता स्व. सुदीप लुनावत (7) श्री मंगलचंद लुनावत पिता स्व. गुलाबचंद लुनावत ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा एवं बिना पंजीकृत वसीयतनामा, पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा। पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.302 दिनांक 12.11.21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि भक्त माता कर्मा वार्ड-67 स्थित भूमि भू.क्र. ए-54 जो कि निगम अभिलेख में स्टार वैली बिल्डर्स के नाम से दर्ज है जिसको श्री रमणीकांत मिश्रा पिता स्व. मोतीलाल मिश्रा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.301 दिनांक 11.11.21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डॉ. खूबचंद बघेल वार्ड-68 स्थित भवन आरपीआर 567आई00419 जो कि निगम अभिलेख में दिनेश बासवार पिता श्री बुधराम बासवार के नाम से दर्ज है जिसको श्रीमती रेखा बासवार पति श्री दिनेश बासवार ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई, रायपुर में स्थित दुकान क्र. सी-84, श्री घनश्याम झामनानी पिता श्री थावरदास झामनानी के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5255 दिनांक 23.09.2010 द्वारा आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 27.06.2013 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 21.09.2021 को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को क्रेता श्री मनोहरलाल कुकरेजा पिता श्री दानु कुकरेजा, निवासी- सी-54, सेक्टर-02, देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 27.10.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री मनोहर लाल कुकरेजा पिता श्री दानुमल कुकरेजा द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई, रायपुर में स्थित दुकान क्र. सी-113, श्री राजेश क्षेतिजा पिता श्री टी.एम. क्षेतिजा के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 5251 दिनांक 23.09.2010 द्वारा आबंटित है। आबंटी द्वारा उक्त दुकान का पूर्ण मूल्य जमा कर अपने पक्ष में दिनांक 13.12.2012 को लीजडीड पंजीकृत उपरांत दिनांक 23.10.2021 को हस्तांतरण विलेख (फ्री होल्ड) निष्पादित करा लिया गया है। हस्तांतरण विलेख निष्पादन उपरांत उक्त दुकान को क्रेता श्री दिलीप केवलानी पिता श्री थावर दास केवलानी निवासी- 42/1091, श्याम नगर रोड, कटोरा तालाब, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 03.11.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री दिलीप केवलानी पिता श्री थावर दास केवलानी द्वारा उक्त दुकान को फ्री-होल्ड पश्चात अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

कार्यालय संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल, संपदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, शंकर नगर, रायपुर (छ.ग.)
फोन नं. 0771-2436320
email ID: eocghbzone2@gmail.com

आम सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि सरदार वल्लभ भाई पटेल, थोक बाजार, डुमरतराई, रायपुर में स्थित दुकान क्र. सी-92, श्री कैलाश वाधवानी पिता श्री आवत राम वाधवानी के नाम पर इस कार्यालय का आबंटन आदेश क्रमांक 3148 दिनांक 17.09.2021 द्वारा नाम दज किया गया है। वर्तमान में नामांतरी द्वारा उक्त दुकान को क्रेता श्री अनिल कुमार चौथवानी पिता स्व. श्री लेखराज चौथवानी, निवासी- विजय सोप गली, फाफाडीह चौक, रायपुर (छ.ग.) के पक्ष में दिनांक 15.11.2021 को विक्रय कर दिया गया है। वर्तमान में क्रेता श्री अनिल कुमार चौथवानी पिता स्व. श्री लेखराम चौथवानी द्वारा उक्त दुकान को विक्रय विलेख पश्चात अपने नाम पर दर्ज किये जाने हेतु इस कार्यालय में अपना आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त दुकान के नाम दर्ज के संबंध में किसी व्यक्ति शासकीय व अर्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक अथवा वित्तीय संस्था को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अंदर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

सम्पदा अधिकारी
छत्तीसगढ़ गृह निर्माण मण्डल,
सम्पदा प्रबंधन प्रक्षेत्र-02, रायपुर

कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे, मोतीबाग चौक, रायपुर (छ.ग.)
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 316/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित भवन/ भूमि/ 57/बी-1066, 1074, 1078 जो कि निगम अभिलेख में जशनमल पिता वासुमल के नाम से दर्ज है, जिसको (1) श्रीमती मायादेवी माटा पति स्व. नारायणदास माटा (2) महेश माटा (3) हरीश माटा (4) राहूल माटा सभी पिता स्व. नारायणदास माटा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा एवं बिना पंजीकृत वसीयतनामा, पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा। पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम (जोन-4), रायपुर (छ.ग.)
प्रेस क्लब के बाजू, पानी टंकी के नीचे, मोतीबाग चौक, रायपुर (छ.ग.)
E-mail ID - rmczone4@gmail.com

//ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना //

नामांतरण प्र.क्र. 317/2021-22
वार्ड का नाम- पं. भगवतीचरण शुक्ल-57

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि पं. भगवतीचरण शुक्ल-57 वार्ड स्थित भवन/ भूमि/ 57/37 कटोरा तालाब जो कि निगम अभिलेख में श्री नारायणदास पिता जसनमल के नाम से दर्ज है, जिसको (1) श्रीमती मायादेवी पति स्व. नारायणदास माटा (2) महेश माटा (3) श्री हरीश माटा (4) राहूल माटा सभी पिता स्व. नारायणदास माटा ने मृत्यु प्रमाण पत्र, सहमति पत्र, शपथ पत्र, दान पत्र, हिब्बानामा रजिस्ट्री के अनुसार पंजीकृत वसीयतनामा एवं बिना पंजीकृत वसीयतनामा, पंजीकृत बंटवारा नामा/बिना पंजीकृत बंटवारा नामा। पारिवारिक पंजीकृत एवं बिना पंजीकृत पारिवारिक व्यवस्था पत्र, वंशानुक्रम/अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर दस्तावेजों के साथ प्रकरण क्रमांक सहित लिखित में अपना दावा/आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समयावधि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर किसी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी, जिसके लिए यह कार्यालय जिम्मेदार नहीं होगा।

सूचना जाने।
जोन कमिश्नर
जोन क्र.-04
नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.)

कार्यालय मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, रायपुर परिक्षेत्र रायपुर
ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदार से प्रपत्र ''ए'' में प्रतिशत दर पर अनुबंध हेतु निम्नलिखित निर्माण कार्यों हेतु ऑन लाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती है। :-

क्रं.	निविदा आमंत्रण क्र./दिनांक	सिस्टम नं.	कार्य का संक्षिप्त विवरण	निविदा की अनु. लागत (रु. लाख में)	आबंटित समय सीमा (माहों में)	श्रेणी	रिमार्क
1	75/ 12.11.2021	86860	दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग में चंदखुरी समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत हेड वर्क्स के कार्य।	4057.62	18 माह वर्षा ऋतु जोड़कर	'ए' एवं उच्च	प्रथम आमंत्रण
2	76/ 12.11.2021	86861	दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन में कौही-रानीतराई समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत हेड वर्क्स के कार्य।	1844.92	18 माह वर्षा ऋतु जोड़कर	'ए' एवं उच्च	प्रथम आमंत्रण
3	77/ 12.11.2021	86862	दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन में अमलेश्वर-झीट समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत हेड वर्क्स के कार्य।	2082.19	18 माह वर्षा ऋतु जोड़कर	'ए' एवं उच्च	प्रथम आमंत्रण
4	78/ 12.11.2021	86863	दुर्ग जिले के विकासखण्ड पाटन में ओडरागहन-सुरपा समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत हेड वर्क्स के कार्य।	1938.78	18 माह वर्षा ऋतु जोड़कर	'ए' एवं उच्च	प्रथम आमंत्रण
5	79/ 15.11.2021	86925	दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग में निकुम समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत हेड वर्क्स के कार्य।	1973.26	18 माह वर्षा ऋतु जोड़कर	'ए' एवं उच्च	प्रथम आमंत्रण
6	80/ 15.11.2021	86926	दुर्ग जिले के विकासखण्ड दुर्ग में जेवरा-सिरसाखुर्द समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत हेड वर्क्स के कार्य।	2382.18	18 माह वर्षा ऋतु जोड़कर	'ए' एवं उच्च	प्रथम आमंत्रण
7	81/ 15.11.2021	86927	दुर्ग जिले के विकासखण्ड धमधा में पथरिया-सहगांव समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत हेड वर्क्स के कार्य।	4147.02	18 माह वर्षा ऋतु जोड़कर	'ए' एवं उच्च	प्रथम आमंत्रण
8	82/ 15.11.2021	86928	बलौदाबाजार जिले के विकासखंड कसडोल में गिरौदपुरी समूह जलप्रदाय योजना के अंतर्गत हेड वर्क्स के कार्य।	3895.34	18 माह वर्षा ऋतु जोड़कर	'ए' एवं उच्च	प्रथम आमंत्रण

1st Call. Schedule of Date-Date of calling NIT-15-11-2021, NIT Available in website-18-11-2021, Bid Start Date-20-11-2021, Pre Bid date-27-11-2021, Bid Due Date-03-12-2021, PHY Sub Date-08-12-2021, Open Date-08-12-2021.

नोट :- उपरोक्त निर्माण कार्य से संबंधित निविदाओं की सामान्य शर्तों, धरोहर राशि, विस्तृत निविदा विज्ञप्ति, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in अथवा विभागीय वेबसाईट https://eproc.cgstate.gov.in में दिनांक 18.11.2021 से देखी जा सकती हैं।

जी-65185/6

मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग
रायपुर परिक्षेत्र रायपुर

।। कार्यालय नगर पालिक निगम, दुर्ग ।।
EmailID:- durgng2019@gmail.com Phone:0788-2322148

-:: मैनुअल निविदा आमंत्रण सूचना ::-

क्रमांक 764/लो.नि.वि./2021-22 दिनांक 18/11/21

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. में प्रचलित एस.ओ.आर. 01.01.2015 के आधार पर तथा निविदा दिनांक से संशोधित दर पर कम/अधिक प्रतिशत दर पर नीचे उल्लेखित निर्माण कार्य हेतु निविदा आमंत्रण की जाती है-

निविदा प्रपत्र क्रय हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथि 25/11/21
निविदा प्रपत्र जारी करने की अंतिम तिथि 2/11/21
निविदा जमा करने की अंतिम तिथि 9/12/21
निविदा खोलने की तिथि 10/12/12 सायं 4.00 बजे

क्रं.	कार्य का नाम	लागत राशि (रु लाख में)
1	वार्ड क्रं. 60 कातुलबोर्ड मारूती शो-रूम से सर्विस रोड तक डब्ल्यू.बी.एम. एवं डामरीकरण कार्य।	14.72

निविदा की सामान्य शर्ते धरोहर राशि निविदा विज्ञप्ति निविदा दस्तावेज व अन्यय जानकारी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है अथवा विभागीय वेबसाइट www.municipalcorporationdurg.in एवं www.uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड की जा सकती है।

कार्यपालन अभियंता
नगर पालिक निम, दुर्ग

OFFICE OF THE KANKER URBAN PUBLIC SERVICE SOCIETY KANKER (CG)
E-Tender Notice (3rd Call)

S.N./1746/KANDUPSS/2021-22 Kanker, Date 17/11/2021

The kanker Urban public service society invites online RFP form eligible bidders fulfilling criteria mentioned in RFP for the execution of work as detailed below.

System Tender No.	Description of Project	Last Date to Download RFP Document
87173	Selection of private partner for establishment of Fair Price Outlets for Medicines, Consumables etc at Charama city under state sponsored Mukhya Mantri Sasti Dawa Dukan Yojna (MMSDDY)	29-11-2021 UPTO 5.30 PM
87175	Selection of private partner for establishment of Fair Price Outlets for Medicines, Consumables etc at Narharpur city under state sponsored Mukhya Mantri Sasti Dawa Dukan Yojna (MMSDDY)	29-11-2021 UPTO 5.30 PM
87176	Selection of private partner for establishment of Fair Price Outlets for Medicines, Consumables etc at Pakhanjur city under state sponsored Mukhya Mantri Sasti Dawa Dukan Yojna (MMSDDY)	29-11-2021 UPTO 5.30 PM

General Infomation about Tender Fee, Earnest money & RFP Document can be obtained from E-Procurement wed portal http://eproc.cgstate.gov.in from 17/11/2021 from 05.00 PM. The pre bid meeting will be held on 22/11/2021 at 12.00 PM to 1.00 PM through online Google Meet https://meet.google.com/ryj-vjng-aqd.

Secretary
(MMSDDY)
Kanker Urban Public Service
Society Kanker (C.G.)

कार्यालय, नगर पालिक निगम, जोन क्र. 5 रायपुर
ईदगाह भाठा, पानी टंकी, रायपुर (छ.ग.)
ph.No. 0771-40455819 Email rmczone5@gmail.com

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.303 दिनांक 12.11.21

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि ठाकुर प्यारेलाल वार्ड-40 स्थित भूमि आरपीआर 569के00203 जो कि निगम अभिलेख में सुरेश शर्मा पिता स्व. सी.पी. शर्मा के नाम से दर्ज है जिसको शैलेन्द्र कुमार शर्मा पिता स्व. श्री रामवतार शर्मा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन कमिश्नर
जोन क्रमांक-5
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक 02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर छ.ग.

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.302 2021-22
वार्ड का नाम- श. हेमू कलाणी वार्ड- 28

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. हेमू कलाणी वार्ड-28 स्थित भवन/भूमि शॉप नं 4बी/5, पगारिया काम्पलेक्स जो कि निगम अभिलेख में अनुराग जैन पिता महेन्द्र कुमार जैन के नाम से दर्ज है जिसको रवि कुमार कालडा पिता मोहनलाल कालडा ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, रायपुर

कार्यालय, नगर पालिक निगम, रायपुर (छ.ग.) जोन क्रमांक 02
शहीद स्मारक स्कूल के.के. रोड रायपुर छ.ग.

ईश्तहार/आधिपत्य हस्तांतरण की सूचना

नामांतरण प्र.क्र.305 2021-22
वार्ड का नाम- श. हेमू कलाणी वार्ड- 28

एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि श. हेमू कलाणी वार्ड-28 स्थित भवन/भूमि डी-48-01 जो कि निगम अभिलेख में श्रीमती प्रीति जैन पति स्व. विकास जैन के नाम से दर्ज है जिसको श्रेयांश जैन वल्द स्व. विकास जैन ने रजिस्ट्री/ लिखित द्वारा वंशानुक्रम/ अन्य अभिलेख द्वारा प्राप्त कर नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 167 के तहत नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। यदि कोई व्यक्ति/ संस्था उपरोक्त स्वामित्व परिवर्तन में हक या दावा रखते हैं, तो इस प्रकाशन के 30 दिन के भीतर प्रकरण क्रमांक सहित लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। अन्यथा समयावधि पश्चात किसी भी प्रकार की कोई सुनवाई नहीं की जावेगी।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक-02
नगर पालिक निगम, रायपुर

पूर्व विधायक राय के भाजपा प्रवेश पर पूरे विधानसभा के भाजपाइयों में खुशी

■ विधायक कार्यकाल में प्रशासन एवं आम जनता के बीच अच्छी पकड़ रही

गुंडरदेही। गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक राजेंद्र राय की छवि एक दबंग आदिवासी नेता के रूप में है। अब राय जोगी कांग्रेस छोड़ कर भाजपा में शामिल हो गए हैं। बीजेपी में घर वापसी के बाद पूरे विधानसभा क्षेत्र के भाजपाईयों में खुशी की लहर है। दरअसल, पूर्व विधायक की इस विस क्षेत्र में अच्छी पैठ है। उनके भाजपा में वापसी के बाद निश्चित रूप से गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र में मिशन 2023 में बढ़त मिलने के आसार है। भाजपा का दामन थामने के बाद प्रदेश नेतृत्व में पूरे जिले भर में एवं अपने विधानसभा क्षेत्र में हर कार्यक्रमों में राय शामिल हो रहे। बता दें कि कांकेर लोकसभा क्षेत्र के सांसद मोहन मंडावी के राय करीबी माने जाते हैं। राय भाजपा के संगठन में काम करते नजर आ रहे हैं वहीं केंद्र मोदी सरकार की योजनाओं को गांव-गांव में मंच के माध्यम से आम लोगों तक पहुंचा रहे हैं। पूर्व विधायक राय ने बीते 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस छोड़ जोगी कांग्रेस से चुनाव लड़ा था। हालांकि वे चुनाव नहीं

जीत पाए थे। अपने विधायकी कार्यकाल में भाजपा के सरकार होने के बाद भी अपने विधानसभा क्षेत्र में जन समस्या एवं मूलभूत सुविधाओं को आम नागरिक तक पहुंचाने में उनकी अहम भूमिका रही है। राय ने सरकार के खिलाफ तीखी प्रतिक्रिया के साथ अपने स्टेटमेंट जारी करते हैं। पूर्व विधायक ने बेझिझक होकर राज्य स्तर में सरकार के खिलाफ मीडिया को बयान देते हैं जिसका जन चर्चा पूर्व प्रदेश में होता है जो गुंडरदेही के दबंग आदिवासी नेता के रूप में अपनी पहचान बना चुके हैं। राय के बीजेपी वापसी पर जिला भाजपा अध्यक्ष कृष्णकांत पवार, महामंत्री किशोरी साहू, नरेश यदु, सुशीला साहू, पूर्व विधायक वीरेंद्र साहू, पूर्व जिला भाजपा अध्यक्ष लेख राम साहू, मोहन जैन, प्रमोद जैन, पूर्व जनपद अध्यक्ष सालिक राम देशमुख, मंडल अध्यक्ष दुष्यंत सोनवानी, अर्जुंदा मंडल अध्यक्ष प्रणेश जैन, विश्वास गुप्ता, पुष्पेंद्र चंद्राकर, मोंटी यादव, ठाकुर राम चंद्राकर, हेमंत साहू, कोमल सोनकर, नगर पंचायत अध्यक्ष रानू हेमंत सोनकर, विजय सोनकर, शंकर यादव, टीकाराम निषाद, हरीश निषाद, सौरभ चोपड़ा, भाजपा समर्पित पार्षद एवं गुंडरदेही विधानसभा क्षेत्र के कार्यकर्ता ने बधाई व शुभकामनाएं दी।

आरंग मे जनजागरण अभियान पद यात्रा की शुरुआत

आरंग/नवप्रदेश। प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मोहन मरकाम व मंत्री डॉ शिव डहरिया के निर्देशानुसार ब्लॉक कांग्रेस कमेटी आरंग/शहर के तत्वावधान में जनजागरण पद यात्रा व सदस्यता अभियान की शुरुआत आरंग जोन के

वार्ड 1, 11,12 से आगाज किया गया। केंद्र में बैठी मोदी सरकार जिस तरह से पेट्रोल, डीजल, रसोई गैस व खाद्य सामानों में जिस तरह से महंगाई बढ़ा रही है। कांग्रेस के कार्यकर्ताओं द्वारा जन जागरण के माध्यम से लोगों तक महंगाई के खिलाफ अभियान चला रही। दूसरी तरफ कांग्रेस के छग सरकार के जनकल्याणकारी योजनाओं से व मंत्री के क्षेत्र में कराये जा रहे विकास कार्यों से प्रभावित होकर बड़ी संख्या में महिलाएं व पुरुष कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण किए।

नगर पालिका अध्यक्ष अवार्ड लेने दिल्ली रवाना, कल राष्ट्रपति करेंगे पुरस्कृत

कवर्धा/नवप्रदेश। स्वच्छ सर्वेक्षण में बेहतर प्रदर्शन के लिए राष्ट्रपति के हाथों सम्मान प्राप्त करने नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा गुरूवार को अपनी टीम के साथ दिल्ली रवाना हो गए। नपा अध्यक्ष शर्मा ने बताया कि कवर्धा विधायक व मंत्री मो. अकबर के नेतृत्व व मार्गदर्शन में नगर पालिका परिषद कवर्धा की टीम द्वारा बेहतर ढंग से स्वच्छता के क्षेत्र में बेहतर कार्य किया गया है। जिसके

फलस्वरूप आज स्वच्छ सर्वेक्षण पुरस्कार के लिए प्रदेश के नगरीय निकायों में नगर पालिका परिषद कवर्धा का भी चयन किया गया है नगर पालिका परिषद कवर्धा ने स्वच्छ सर्वेक्षण 2021 में बेहतर प्रदर्शन किया है जिसके चलते नगर पालिका परिषद कवर्धा को 20 नवंबर को दिल्ली में माननीय राष्ट्रपति महोदय के हाथों पुरस्कार प्राप्त किया जाना है। आयोजित कार्यक्रम में शामिल होने हेतु मुख्य नगर पालिका अधिकारी नरेश वर्मा, कार्यपालन अभियंता एमएल कुर्रे भी दिल्ली रवाना हुए हैं।

गुरुनानक देव जी के जन्म दिवस पर निकली शोभायात्रा

भाटापारा/नवप्रदेश। सिख पंथ के संस्थापक गुरु नानक देव जी के जन्मदिवस पर नगर के सिख समाज के द्वारा बुधवार को दोपहर 2 बजे से नगर

कीर्तन जुलूस शोभा यात्रा गुरु सिंह सभा से निकाली गई। जो गुरु सिंह सभा से निकलकर झूलेलाल मंदिर से नया बस स्टैंड सदर बाजार रामसत्ता चौक फ व्वारा चौक से स्टेशन रोड एवं हटरी बाजार होते हुए शाम 7 बजे गुरु सिंह सभा वापस पहुंची। नगर के सिख समाज के द्वारा नगर कीर्तन जुलूस को भव्य रूप से निकाले जाने के लिए व्यापक तैयारी की गई थी। जुलूस वाले मार्ग पर जगह-जगह स्वागत द्वार बनाए गए थे। शोभा यात्रा में तथा पंजाब का अखाड़ा दल ने भी चौक चौराहों पर उत्कृष्ट प्रदर्शन किया।

विधायक आशीष ने किया 69 लाख के विकास कार्यों का लोकार्पण-भूमिपूजन

बेमेतरा/नवप्रदेश। बेमेतरा ब्लाक के ग्राम पंचायत बेहरा के आश्रित ग्राम पेंड्री में आयोजित लोकार्पण एवं भूमिपूजन सहित ग्राम पंचायत जिया में मड़ाई एवं भूमिपूजन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि बेमेतरा विधायक आशीष छाबड़ा शामिल हुए। ग्रामीणों ने अतिथिगणों का भव्य स्वागत किया। विधायक के कर कमलों से ग्राम पेंड्री में सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृत मुख्य मार्ग से बस्ती पहुंच मार्ग लागत राशि 20 लाख रूपए का लोकार्पण किए, साथ ही प्राथमिक शाला में शौचालय निर्माण 50 हजार, आंगनबाड़ी भवन में शौचालय निर्माण 30 हजार, मेन रोड से तालाब तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 3.70 लाख, मेन रोड से जियन के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 3.90 लाख, अजय के घर से ढालेंद के घर तक सीसी रोड़ निर्माण कार्य 2.80 लाख, मेन रोड से तालाब तक नाली निर्माण कार्य 1.50 लाख, मेन रोड से जियन के घर तक नाली निर्माण कार्य 1.50 लाख रुपए का पूरे विधिविधान से पूजा पाठ कर भूमिपूजन किए। साथ ही ग्राम पंचायत जिया में सुगम सड़क योजना अंतर्गत स्वीकृति पक्का रोड़ मुख्य मार्ग से आंगनबाड़ी पहुंच मार्ग निर्माण कार्य लागत राशि 19.99 लाख, किसान कुटीर निर्माण कार्य 13.50 लाख, बाबा गुरू घासीदास मंदिर जीर्णोद्धार निर्माण कार्य 2 लाख रुपए का पूरे विधिविधान से पूजा पाठ कर नारियल तोड़ भूमिपूजन किए।

ग्रामीणों की मांग पर विधायक ने की घोषणा

ग्रामवासियों की मांग अनुरूप विधायक आशीष छाबड़ा ने ग्राम पेंड्री में प्राथमिक शाला भवन का जीर्णोद्धार एवं बस्ती पहुंच मार्ग हेतु पक्का रोड़ निर्माण कार्य की घोषणा एवं ग्राम जिया में सुगम सड़क योजना अंतर्गत पक्का रोड़ निर्माण कार्य की घोषणा की। इस अवसर पर लूकेश वर्मा अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी बेमेतरा, शशिप्रभा गायकवाड सदस्य जिला पंचायत बेमेतरा, प्रांजल तिवारी, साबिया मोनू पाल सदस्य जनपद पंचायत बेमेतरा, हरीश साहू, पूर्णिमा खेलावन सरपंच, धनेश साहू उपरपंच, सावित्री मोहन साहू सरपंच बाबामोहरा, नीमा मोहन वर्मा सरपंच कुसमी, रेवेंद्र वर्मा सरपंच पिपरभट्टा, निलेश वैष्णव सरपंच नवागांव (खु) धनजयी पाठक, कुलवंतीन गजांदन साहू सदस्य जनपद पंचायत बेमेतरा, राजेन्द्र वर्मा पूर्व सरपंच, संदीप खरे, छोटू बेलदार, संध्या ठाकुर, राजकुमार सेन, राजकुमार बंजारे, अमित वर्मा, ईदर मलोर सरपंच, बेदू वर्मा उपरपंच, केजुराम ग्राम पटेल, शैलेन्द्र साहू, कृष्णा यदु सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित रहे।

किसान कुटीर का निर्माण होगा

राज्य सरकार द्वारा स्वीकृति किसान कुटीर का निर्माण किया जाएगा। यह निर्माण कार्य छत्तीसगढ़ मंडी बोर्ड के माध्यम से होगा जिसमें सभी किसानों को अब अपने कृषि उपज बेचते समय होने वाली व्यवहारिक दिक्कतों से दो चार नहीं होना पड़ेगा सोसाइटी में 13.50 लाख की लागत से बनने वाले किसान कुटीर में कैंटीन सहित शौचालय, शयनकक्ष स्वच्छ जल हेतु वाटर कूलर सहित विश्राम तथा मनोरंजन की व्यवस्था रहेगी। जरूरतमंद लोगों को न्याय दिलाने की जो पहल की है, उसमें 'राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना' के नाम से एक नया अध्याय जुड़ रहा है। इस न्याय योजना के लिए पंजीयन की शुरूआत 1 सितंबर से प्रारंभ हो गया है, योजना का लाभ 10 लाख से अधिक भूमिहीन कृषि मजदूरों को मिलेगा। प्रत्येक परिवार के लिए 6 हजार रूपए प्रतिवर्ष अनुदान राशि, सीधे उनके बैंक खाते में जमा कराई जाएगी।

कलेक्टर ने की तम्बाकू निषेध कार्यक्रम, टीकाकरण व मलेरिया नियंत्रण की समीक्षा

कवर्धा/नवप्रदेश। कलेक्टर रमेश शर्मा ने तम्बाकू निषेध, कोविड जांच व टीकाकरण तथा मलेरिया नियंत्रण कार्यक्रमों की समीक्षा की। उन्होंने तम्बाकू निषेध कार्यक्रम को मजबूती देने के लिए कोटपा एक्ट के तहत कड़ी कार्रवाई शुरू करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने कहा कि आज के समय में अधिकांश लोगों को तंबाकू से होने वाले हानियों के बारे में मालूम है, इसलिए जनजागरूकता के साथ इस दिशा में कड़ी कार्रवाई करने की आवश्यकता है। उन्होंने कोटपा एक्ट के बारे में भी विस्तृत जानकारी ली व इसके तहत जिले में अब तक हुई कार्रवाइयों के बारे में भी पूछा। उन्होंने कलेक्ट्रेट समेत सभी शासकीय कार्यालयों से कार्रवाई की शुरुआत करने का निर्देश दिया।

राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कर्यक्रम के तहत गठित जिला स्तरीय समन्वय समिति की उक्त बैठक में अनेक विषयों पर व्यापक चर्चा हुई। जिले में कोटपा अधिनियम का प्रभावी क्रियान्वयन करते हुए समस्त नगरी निकाय एवं शासकीय कार्यालयों को धूम्रपान मुक्त बनाए जाने हेतु कार्यवाही एवं निर्णय किया जाना, राज्य से प्राप्त दिशा-निर्देश अनुसार तंबाकू मुक्त शैक्षणिक संस्थान घोषित किए गए शैक्षणिक संस्थानों को प्रमाण पत्र प्रदान करना एवं काउंसलिंग व उपचार के माध्यम से तंबाकू का व्यसन छोड़ चुके लोगों को प्रशस्ति पत्र प्रदान करना बैठक का मुख्य उद्देश्य रहा।

जिला कलेक्टर की अध्यक्षता में बैठक का शुभारंभ सीएमएचओ डॉ. शैलेंद्र कुमार मंडल द्वारा की गई, उन्होंने बैठक के उद्देश्य एवं चर्चा के बिंदुओं की जानकारी प्रदान की। तत्पश्चात जिले के नोडल अधिकारी डॉ अरुण चौरसिया के द्वारा राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु वित्तीय वर्ष में अब तक के किए गए कार्यों की जानकारी प्रदान की गई ।

पूर्णिमा स्नान के लिये मोहारा नदी में व्यवस्था करने महापौर ने दिये निर्देश

राजनांदगांव। महापौर हेमा सुदेश देशमुख ने कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी में प्रातः स्नान के लिये आवश्यक व्यवस्था करने निगम के अधिकारियों को निर्देशित किये। साथ ही उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुये कहा कि धार्मिक भावना व शुद्धता का प्रतीक गोबर से बने दिये से नदी में दीप दान करे। महापौर ने कहा कि कार्तिक पूर्णिमा के अवसर पर मोहारा स्थित शिवनाथ नदी के पास मेला का आयोजन किया जाता है, साथ ही इसी दिन प्रातः लोगों के द्वारा पूजा अर्चना कर दीप दान किया जाता है। उन्होंने मोहारा नदी के आस पास साफ सफ ई कर विद्युत व्यवस्था तथा अन्य आवश्यक व्यवस्था करने अधिकारियों को निर्देशित किये ताकि पूजा अर्चना में किसी भी प्रकार की परेशानी न हो। इसके अलावा प्रति वर्षानुसार मोहारा मेला स्थल में साफ सफाई कर विद्युत व्यवस्था के साथ साथ पेयजल हेतु नल खडा करने तथा नदी की ओर बेरिकेटिंग करने के निर्देश दिये।

किसानों को धान बेचने के लिए धान खरीदी केन्द्र में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें : कलेक्टर

■ जिले में 18 नवम्बर को कोविड टीकाकरण के लिए विशेष महाअभियान

■ साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक संपन्न

राजनांदगांव। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने कहा कि 1 दिसम्बर से धान खरीदी प्रारंभ होगी। धान खरीदी शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता का कार्य है। धान खरीदी केन्द्रों में सभी व्यवस्था सुनिश्चित होनी चाहिए। किसानों को धान बेचने में परेशानी नहीं होनी चाहिए। इसके लिए धान खरीदी केन्द्र में सभी व्यवस्था सुनिश्चित करें। सभी नोडल अधिकारी इसकी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि जिले में 18 नवम्बर को कोविड टीकाकरण के लिए विशेष महाअभियान चलाया जाएगा। इसके लिए उन्होंने सभी एसडीएम, जनपद सीईओ, बीएमओ को रणनीति बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कोविड टीकाकरण विशेष महाअभियान में सभी विभाग के जमीनी स्तर पर कार्य करने वाले कर्मचारी शामिल होंगे। सरपंच, सचिव, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, राजीव युवा मितान क्लब के सदस्य सहित अन्य कार्यकर्ता इस अभियान को सफल बनाने कार्य करेंगे। ग्रामीण और नगरीय निकाय में मुनादी कराकर इस अभियान की जानकारी नागरिकों को उपलब्ध कराएं। स्वास्थ्य विभाग की टीम डोर-टू-डोर जाकर टीकाकरण करें। उन्होंने कहा कि जिला कोविड-19 के प्रथम डोज के लिए लगभग 100 प्रतिशत सेचुरेशन के करीब है। जो नागरिक टीकाकरण से छूटे हुए है, उन्हें चिन्हांकित कर टीका लगाना है। जिला स्तरीय अधिकारी सभी क्षेत्रों में इस अभियान के कार्य की समीक्षा करेंगे। कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक में उक्ताशय के निर्देश दिए।

कलेक्टर श्री सिन्हा ने सुपोषण अभियान की समीक्षा करते हुए कहा कि 31 दिसम्बर तक जिले के सभी गंभीर कुपोषित बच्चों को कुपोषण से दूर करने का लक्ष्य पूरा करना है। बच्चों की लगातार स्वास्थ्य जांच करते रहे। एनीमिक महिलाओं को पौष्टिक आहार प्रदान करें। राजीव गांधी ग्रामीण भूमिहीन कृषि मजदूर न्याय योजना के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों से आवेदन प्राप्त कर उसका संकलन कर एन्ट्री करें। उन्होंने जिले में निर्माणाधीन स्वास्थ्य भवनों को जल्द पूरा करने के निर्देश सीजीएमएससी को दिए। उन्होंने कहा कि जिले में युवा उत्सव का आयोजन किया जाना है। विकासखंड स्तर पर सभी गतिविधियां पूरी कर ली जाए। स्थानीय भाषा और कलाकारों का कार्यक्रम आयोजित करें।

प्रथम पृष्ठ का शेष...

यहां सरकार से भी बड़ा...

कोरबा की हर काले कारोबार को संरक्षण राजधानी में बैठे कुछ अफसर दे रहे हैं। कारोबार का उल्लेखनीय पहलू यह है की माफियाओं ने कोयला निकालने की चिन्हांकित जगहों में अपने गुर्गे बैठा रखा है। ये गुर्गे बाकायदा इलेक्ट्रानिक तौल यंत्र लेकर मैदान में दुकान सजा लिए हैं। ग्रामीणों से कहा जा रहा है कि खदान से कोयला लाकर बेचने वालों को नकद भुगतान किया जाएगा। चोरी के इस कारोबार में प्रशासन और पुलिस का दखल नहीं होने के कारण ग्रामीणों की भी बल्ले-बल्ले हैं।

दो नंबर का कोयला बन रहा एक नंबर : दो नंबर के कोयले को एक नंबर बनाने की दास्तान भी अजीब है। कोयले के पुराने कारोबारी ही इस श्रृंखला बढ़िया तरीके से अंजाम दे रहे। दो नंबर का कोयला खदान से लेकर सीधा चांपा माफिया के कोल साइडिंग पहुंचाता है। कोल साइडिंग में पहले से ही एक नंबर के कोयले की खरीदी की जा रही जिसमे दो नंबर के कोयले को मिला दिया जाता है। इस बात की भनक प्रशासन व खनिज विभाग के अधिकारियों को होने के बाद भी कार्रवाई समझ से परे है। एक नंबर की कोयले की आड़ में दो नंबर की कोयले को खपाने वाले नामी माफिया किसी परिचय के मोहताज नहीं है। खनिज और पुलिस के रिकार्ड में इनका नाम बढ चढ़कर चढ़ावा देने वालों में शामिल हैं।

पुनिया ने आंकड़ों के...

कांग्रेस का यह आक्रामक रवैया गुरुवार को राजीव भवन में देखने को मिला, जहां छत्तीसगढ़ कांग्रेस प्रभारी पीएल पुनिया ने मोदी सरकार की गलत नीतियों पर जमकर निशाना साधा। देश में बिकने वाले खाद्य तेल का 70% हिस्सा अडानी के पास: पुनिया ने उन सभी आवश्यक वस्तुओं का वर्षवार डाटा निकाल कर मीडिया के सामने रख कर कई गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि देश में बिकने वाली दालें और खाद्य तेल का 70 प्रतिशत हिस्सेदारी सिर्फ एक ही उद्योग घराने अडानी का है। उसी तरह देश में उत्पादित कोयले का अधिकांश एकाधिकार प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष तौर पर अडानी का ही है।

महंगाई बढ़ने के 5...

चौथा कारण निजी क्षेत्र को बढ़ावा देने वाली नीति के कारण सार्वजनिक क्षेत्र की कुपनियां हतोत्साहित हुई महंगाई बढ़ी।पांचवा कारण विदेश नीति की असफलता। मोदी सरकार पड़ोसी राज्यों से बेहतर तालमेल बनाने में असफल साबित हुई जिसके कारण पड़ोसी राज्यों से आयात हो कर आने वाली महत्वपूर्ण सामाग्रियों के दाम बढ़े, महंगाई बढ़ी।

पेट्रोल-डीजल की कीमतों ...

साय ने कहा कि राज्य सरकार का पिछले ढाई वर्ष का कार्यकाल ग़लत बयानी का रिकॉर्ड कायम कर चूका है। यह सरकार अपनी असफलताओं का ठीकरा केंद्र सरकार और भाजपा पर थोपती है। पेट्रोल-डीज़ल की दर कम करने की माँग हुई तो बोले कि केंद्र पहले कम करे। केंद्र ने कम किया बाक़ी राज्यों ने कम किया तो बोलने लगे कि नोटिफिकेशन कहाँ है।

सीएम बघेल ने स्टेडियम...

आत्मानंद इंग्लिश मीडियम स्कूल खोलने, शासकीय स्कूल में डोम के निर्माण, 4 वार्डों में विद्युत खंभे, राजीव नगर रेलवे क्रॉसिंग के पास सीसी रोड निर्माण तथा जामुल के 4 तालाबों के सौंदर्यीकरण की भी घोषणा की। उन्होंने कहा कि जामुल क्षेत्र के विकास के लिए राशि की कमी नहीं होने दी जाएगी। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने भिलाई चरौदा के लोकार्पण एवं शिलान्यास कार्यक्रम में भिलाई 3 में मिनी स्टेडियम को स्टेडियम के रूप में अपग्रेड करने की घोषणा की। इस पर लगभग 10 करोड़ रुपये की राशि खर्च होगी।

मुख्यमंत्री ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि देशभर में डीएपी का संकट है और अगले साल भी संकट के कम होने के आसार नहीं हैं, डीएपी के मूल्यों के और बढ़ने की आशंका भी है। इस लिहाज से देखें तो छत्तीसगढ़ में गोधन न्याय योजना के माध्यम से जिस तरह से कंपोस्ट खाद का निर्माण किया जा रहा है उससे जैविक खाद के रूप में विकल्प किसानों को प्राप्त हुआ है। इस विकल्प से मिट्टी की उर्वरता भी सुरक्षित होगी और साथ ही किसान बेहतर उत्पादन भी प्राप्त कर रहे हैं।

स्वच्छता के क्षेत्र में आई जागरूकता : मुख्यमंत्री ने कहा कि अभी हाल ही में देशभर में स्वच्छता के क्षेत्र में अच्छा कार्य करने वाले नगरीय निकायों के लिए स्वच्छता पुरस्कारों की घोषणा राष्ट्रीय स्तर पर की गई है।

कार्यालय कार्यपालन अभियंता लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

निविदा आमंत्रण सूचना

क्रमांक-5373/NIT-26/2021-2022/ व ले लि दिनांक : 16/11/2021

एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित मैनुअल निविदा आमंत्रित की जाती है :-

एनआईटी क्रं. निविदा क्रं.	कार्य का नाम/ NoOfCalls	कार्य की अनुमानित लागत (लाख में)
1	2	3
26 T0233	SITC of Lighting Arrester and Surge Protective device with accessories Minister Bungalow at Shanker Nagar. Raipur CG Make ABB, Accessories HANSAL/ABB. प्रथम आमंत्रण	4.46
26 T0234	SITC of Lighting Arrester and Surge Protective device with accessories of Govt Bungalow and Office at Shanker Nagar. Raipur CG Make ABB, Accessories HANSAL/ABB. प्रथम आमंत्रण	6.43
26 T0235	E/F Work for MOW/OW/SR and Ordinary maintenance works under PWD E/M DKS (M) Subdivision, Raipur (C.G.) (Zonal work). प्रथम आमंत्रण	15.00
26 T0236	E/F Work for Govt. Residential & Non Residential Building OW/ MOW/Deposit/SR/Annual maintenance work under PWD E/M Subdivision Mahasamund (C.G.) (Zonal work). प्रथम आमंत्रण	9.50
26 T0237	E/F Work to AC, RO & Water Cooler, Air Cooler, Fridge Repairing work of Rest House, Circuit House, N R PWD Builiding & Deposit AC installation Work Under PWD E/M Subdivision Mahasamund (C.G.) (Zonal work). प्रथम आमंत्रण	10.00
26 T0238	E/F Work for Repairing and SR Work at Khamardih Section under PWD E/M DKS (M) Subdivision Raipur (C.G.). प्रथम आमंत्रण	18.00
26 T0239	जिला रायपुर वि.ख. आरंग के नरदहा में शा.उ.मा.वि. भवन का विद्युतीकरण कार्य । प्रथम आमंत्रण	11.17
26 T0240	शिक्षक-शिक्षा महाविद्यालय बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर, रायपुर के ऑडिटोरियम हॉल में विद्युतीकरण कार्य। प्रथम आमंत्रण।	15.44
26 T0241	SITC of Audio system at Auditorium Hall in College of Teacher Education Building BTI Ground, Shankar Nagar. Raipur C.G. प्रथम आमंत्रण	19.98
26 T0242	E/F work for MOW/SR work at Officer Colony Shanti Nagar PWD E/M DKS (M) Subdivision, Raipur (C.G.) प्रथम आमंत्रण	14.50

नोट :- निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत करने की अंतिम तिथी दिनांक 01/12/2021 अपरान्ह 5:30 बजे तक निविदा संबंधी शर्तें विभागीय वेबसाईट www.cg.nic.in/pwdraipur में Live Tender के अंतर्गत निविदा प्रपत्र में उपलब्ध है। इनका अवलोकन संबंधित संभाग कार्यालय में किया जा सकता है।
शर्तें 1) उपरोक्त कार्यों के आबंटन प्राप्त होने पर ही नियामानुसार भुगतान की कार्यवाही की जावेगी।

कार्यपालन अभियंता
लो.नि.वि. वि/यां संभाग रायपुर छ.ग.

जी-65196/3

कार्यालय नगर पालिक निगम, जोन क्रमांक - 09, रायपुर

मोवा थाना के पीछे स्थित सामुदायिक भवन

निविदा आमंत्रण सूचना

क्र./95(ए)/न.पा.नि./जोन क्र. 09/2021 रायपुर, दिनांक 15.11.2021

निम्न कार्यों हेतु एकीकृत पंजीयन प्रणाली के अंतर्गत पंजीकृत ठेकेदारों से कार्य क्रमांक-1 हेतु सीलबंद निविदायें कम या अधिक प्रतिशत दर के आधार दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 01.12.2021 को तथा कार्य क्रमांक - 2 से 4 हेतु दिनांक 06.12.2021 को संध्या 5.30 बजे तक रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09, में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र कार्य क्रमांक-1 हेतु दिनांक 25.11.2021 को एवं कार्य क्रमांक-2 से 4 हेतु 01.12.2021 को संध्या 5.30 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त किये जा सकेंगे। प्राप्त निविदायें निविदा प्राप्ति के अगले कार्य दिवस को अपरान्ह 12.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रुपये में)	अमानती राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1	पं. विद्याचरण शुक्ल वार्ड अंतर्गत लाभाण्डी स्थित नया तालाब में पिचिंग कार्य (द्वितीय निविदा)	1916000.00	20000.00	750.00	ए	3 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एवं रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
2	नेताजी सुभाषचंद्र बोस वार्ड अंतर्गत श्रीराम नगर फेस-1 (ओव्हर ब्रिज के पास) पुलिया निर्माण कार्य (प्रथम निविदा)	163000.00	2000.00	300.00	ए	1 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एवं रोड एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
3	डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड अंतर्गत मकान नं. 3015 से मकान नं. 3030 के सामने दुबे कालोनी में सी.सी. रोड निर्माण कार्य (प्रथम निविदा)	299000.00	3000.00	750.00	ए	45 दिवस	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)
4	डॉ. भीमराव अंबेडकर वार्ड अंतर्गत मोवा मार्केट के पीछे स्थित सामुदायिक भवन में शौचालय निर्माण एवं भवन मरम्मत कार्य (प्रथम निविदा)	359000.00	4000.00	750.00	ए	2 माह	ई. रजिस्ट्रेशन द श्रेणी व उससे ऊपर (लोक निर्माण विभाग के भवन एस.ओ.आर. दिनांक 01.01.2015 से प्रभावशील तथा निविदा दिनांक तक संशोधित)

श्रम आयुक्त कार्यालय ईपीएफ कार्यालय एवं कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्न कार्य हेतु सीलबंद निविदा कलेक्टर दर पर लाभांश प्रतिशत दर के आधार दो लिफाफा पद्धति में दिनांक 06.12.2021 तक स्पीड पोस्ट के माध्यम से नगर पालिक निगम जोन कार्यालय क्र. 09, में कार्यालयीन दिवस में आमंत्रित की जाती है। इस हेतु निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये दिनांक 01.12.2021 शाम 4.00 बजे तक आवेदन के साथ निर्धारित राशि जमा कर प्राप्त लिये जा सकेंगे। प्राप्त निविदायें दिनांक 07.12.2021 को पूर्वान्ह 11.30 बजे तक उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोलनी जावेंगी। प्राप्त निविदा, निविदा प्राप्ति के अगले कार्य दिवस को अपरान्ह 2.00 बजे उपस्थित निविदाकारों अथवा उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जावेंगी।

क्र.	कार्य का नाम	अनुमानित व्यय (रुपये में)	अमानती राशि (रुपये में)	निविदा प्रपत्र मूल्य	निविदा प्रपत्र प्रारूप	समयावधि	ठेकेदार श्रेणी
1	जोन क्रमांक- 09 अंतर्गत काऊ कैचर हेतु 02 वाहन चालक एवं 08 मजदूर (अकुशल श्रमिक) रखे जाने बाबत्।	1395888.00	14000.00	750.00	बी	12 माह हेतु	श्रम आयुक्त कार्यालय, ई.पी.एफ. कार्यालय, कर्मचारी राज्य बीमा निगम में पंजीकृत

1. कार्य से संबंधित जानकारी एवं शर्तें कार्यालयीन दिवस में नगर पालिक निगम जोन क्रमांक - 09, से प्राप्त की जा सकती है। उक्त निविदा संबंधी जानकारी नगर निगम पोर्टल से भी प्राप्त की जा सकती है।
2. निविदा में उल्लेखित उपरोक्त दिनांक में शासकीय अवकाश होने की स्थिति में अगले कार्यालयीन दिवस में कार्यवाही किया जावेगा।

घरों से निकलने वाले गीला और सुखा कचरे को सफाई मित्र (वाहन) को देवें।

जोन आयुक्त
जोन क्रमांक - 09
नगर पालिक निगम, रायपुर

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक व संपादक यशवंत धोटे* द्वारा बंसल स्कूल कैम्पस, अशोक विहार कॉलोनी, पण्डरी से मुद्रित कर ब्रिस्टल चौक छोटापारा रायपुर से प्रकाशित, प्रबंध संपादक - चन्द्रशेखर धोटे
फोन व फैक्स : 0771-4035602, डाक पंजीयन क्रमांक सी.जी./आर.वाई.पी. डीएन/40/2019-2021

संवरेगी सरगुजा के भिठीकला समेत 8 पंचायतों की तकदीर

रूर्बन मिशन के कार्यों का अनुमोदन, भिठीकला कलस्टर को मिली स्वीकृति

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन की राज्य स्तरीय सशक्त समिति की बैठक का आयोजन किया गया। वीसी के माध्यम से आयोजित इस बैठक में पूर्व सें क्रियाशील 17 रूर्बन मिशन के तहत 1397.94 करोड़ की कार्यो के योजना का अनुमोदन किया गया। साथ ही सरगुजा जिले के भिठीकला क्षेत्र के आठ ग्राम पंचायत भिठीकला-मिनदराकला-जोगीबंध-सुन्दरपुर-मांझापारा-रामपुर-हर्राटीका और केशोपुर को जोडकर एक नये रूर्बन कलस्टर के निर्माण को सहमति दी गई। मुख्य सचिव ने इन क्षेत्रों में निर्मित गौठानों को आजीविका केन्द्र के रूप में विकसित करने और विभिन्न आय उपार्जक गतिविधियों से

ग्रामीणों को जोड़ने के निर्देश दिये है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की अपर मुख्य सचिव रेणु जी पिल्ले, सशक्त समिति की सदस्य सह सचिव और राज्य परियोजना संचालक सुश्री इफ्फत आरा उपस्थित थे। बैठक में कृषि, पशुधान, वित्त, नगरीय प्रशासन, तकनीकी शिक्षा, स्कूल शिक्षा, राजस्व , लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी , खाद्य ,नगरीक अपूर्ति, आवास एवं पर्यावरण, स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) पंचायत विभाग के वरिष्ठ अधिकारी और संबंधित जिलों के जिला पंचायत अधिकारी वीसी के माध्यम से शामिल हुए।

180 जीपी को 17 जोन में बांटकर कर रहे काम

श्यामा प्रसाद मुखर्जी रूर्बन मिशन के तहत सोलह जिलों के 180 ग्राम पंचायतों को सत्रह जोनों में बांटकर विभिन्न क्षेत्रों से जुडें विकास कार्य किये जा रहे है। मिशन के तहत मुख्य रूप से स्वच्छता, स्वास्थ्य, परिवहन, लोक सेवा केन्द्र, ग्रामीण आवास, एलपीजी गैस कनेक्शन, स्कूलों का उन्नयन, ग्रामीण सड़कें एवं नालियों के निर्माण, तकनीकी जागरूकता, स्ट्रीट लाइट, सड़क सम्पर्क, पेयजल व्यवस्था, अपशिष्ट प्रबंधंन और कौशल विकास के कार्य किये जाते है।

इन जिलों के ग्राम पंचायत शामिल

योजना के तहत कबीरधाम जिले के कुंडा, धमतरी के लोहरसी, बस्तर के मुड़पाल, कांकेर के बड़े कापसी, कोरबा के हरदी बाजार, सरगुजा के रघुनाथपुर, जांजगीर के जेठा, महासमुन्द के भॉवरपुर , कोरिया के सोनहत, बिलासपुर के जयरामनगर, रायगढ़ के मिरीगुड़ा, कोण्डागांव के बड़े कनेरा, जशपुर के पैरीडीह, रायपुर के मंदिरहसौद, धमतरी के रामपुर और कबीरधाम के बीरकोना कलस्टर के 180 ग्राम पंचायतों में योजना के तहत कार्य किये जा रहे है।

लिपिक वर्गीय कर्मचारियों के लिए लेखाप्रशिक्षण परीक्षा 20 दिसंबर से

रायपुर/नवप्रदेश। संचालनालय कोष, लेखा एवं पेंशन छत्तीसगढ़ द्वारा लेखा प्रशिक्षण सत्र मार्च-जून 2020 (संशोधित सितम्बर-दिसम्बर 2021) के लिए निर्धारित परीक्षा 20 दिसंबर से आयोजित की जाएगी। इस परीक्षा में नियमित के साथ ही स्वाध्यायी परिक्षार्थियों को भी सम्मिलित करने की अनुमति प्रदान की गई है। स्वाध्यायी अर्थात् वे लिपिक वर्गीय कर्मचारी जो पूर्व की परीक्षा में अनुत्तीर्ण रहे हैं, और जिनका अधिकतम तीन अवसर समाप्त नहीं हुआ है। वे उक्त परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए संबंधित कार्यालय प्रमुख द्वारा प्रेषित निर्धारित प्रपत्र में कर्मचारियों के आवेदन पत्र शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला, नगर घड़ी चौक रायपुर में 27 नवंबर 2021, शनिवार तक कार्यालयीन समय में प्राप्त हो जाना चाहिए। परीक्षा के संबंध में अधिक जानकारी के लिए शासकीय लेखा प्रशिक्षण शाला रायपुर से संपर्क किया जा सकता है।

संभाग स्तरीय समीक्षा बैठक 21 नवम्बर को

जगदलपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में धान का उपार्जन 01 दिसम्बर से प्रारंभ किया जा रहा है। खरीफ विपणन वर्ष 2021-22 में धान उपार्जन एवं कस्टम मिलिंग की तैयारियों की समीक्षा हेतु खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग के सचिव की अध्यक्षता में 21 नवम्बर को प्रातः 10 बजे से कलेक्ट्रेट कार्यालय के प्रेरणा सभाकक्ष में संभाग स्तरीय बैठक होगा। पूर्व में यह बैठक 20 नवम्बर को होने वाली थी।

किसानों को पता ही नहीं उनके नाम पर जारी हुआ खाद बीज

कृषि विभाग पर बीज वितरण में भ्रष्टाचार का लगा आरोप

बसना/नवप्रदेश। कृषि विकास अधिकारी बसना कार्यालय के द्वारा आरपीएस योजना के अंतर्गत विभिन्न पंचायतों के किसानों को निशुल्क उड़द, मूंग, दलहन बीजों का वितरण शासन के द्वारा किया जाता है। इस वितरण किये गए उड़द बीजों को लेकर शिकायतकर्ता ने भ्रष्टाचार एवं फ जींवाड़ा की शिकायत वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी बसना एवं उप संचालक कृषि महासमुंद को जांच कर कार्यावाही की मांग आवेदन किया है। शिकायतकर्ता बलराज नायडू ने सूचना के अधिकार से जानकारी निकाली। जिसमें बसना विकास खण्ड के ग्राम पंचायत खोरापाली, भूकेल, वोहारपार, चिमरकेल, खवासपाली के किसानों को दलहन बीजों वितरण वर्ष 2020-21 को किया गया था उक्त बीजों वितरण में खोरापाली के किसानों को बीज वितरण नहीं किया गया और सूची तैयार कर फ र्जी हस्ताक्षर करा कर कार्यालय में प्रस्तुत किया गया। इसी प्रकार भूकेल, खवासपाली व वोहारपार अन्य पंचायत के किसानों को बताई जा रही। सूची में मात्रा के अनुरूप वितरण ना कर कम मात्रा में बीज वितरण किया गया।

किसानों को पता ही नहीं

पंचायत खोरापाली के किसानों ने बताया कि हमारे नाम पर बीज दिया गया है और हस्ताक्षर भी करा लिया गया। इसकी जानकारी हमें नहीं है। सूची में नाम वाले किसानों को इस योजना की जानकारी ही नहीं है और हस्ताक्षर किया गया। इनमें कई किसानों को लिखना नहीं आता। अन्य पंचायत के किसानों को सूची में बताई बीज की मात्र 16 किलो की जगह 8 किग्रा, 8 की जगह 4 किग्रा दिया गया है।

> मामला मेरे संज्ञान में आया है। इसकी जांच कार्यावाही के लिए टीम गठित कर दिया गया है। दोषी पाये जाने पर विभागीय कार्यावाही की जाएगी।
>
> **अमित महान्ती,** प्रभारी डीडीए महासमुंद।

ग्रामीण का अपहरण कर हत्या की घटना में शामिल 2 माओवादी गिरफ्तार

बीजापुर/नवप्रदेश। जिले में चलाये जा रहे माओवादी विरोधी अभियान के तहत् 18 नवंबर को थाना कोतवाली एवं केरिपु 85/एफ समवाय कैम्प पामलवाया का बल भोसागुड़ा, चिलनार की ओर निकली थी। जहां चिलनार नयापारा से 2 नक्सलियों को पकड़ा गया। बुधरी पुनेम उर्फ हेमला बुधरी पति मंगल पुनेम 29 वर्ष निवासी काकेकोरमा राजपारा थाना बीजापुर और ताती मासा पिता हुंगा ताती 40 वर्ष निवासी काकेकोरमा राजपारा थाना बीजापुर को पकड़े गए। दोनों माओवादी 8 अक्टूबर 2020 को काकेकोरमा निवासी चैतु की अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल एवं 07 जनवरी 2018 को काकेकोरमा निवासी बुधराम ताती की अपहरण कर हत्या की घटना में शामिल थे। वहीं ताती मासा 08 अक्टूबर 2020 को चेतु की अपहरण कर हत्या करने की घटना में शामिल था। बुधरी पुनेम के विरूद्ध थाना कोतवाली बीजापुर में 01 स्थाई वारंट भी लंबित है।

संगठन का कार्य महत्वपूर्ण, संगठन से बड़ा कोई पद नहीं : आशीष

बेमेतरा/नवप्रदेश। विधायक आशीष छाबड़ा ने जन जागरण अभियान पदयात्रा 14 नवंबर से 29 नवंबर के संबंध में बेमेतरा विधानसभा बूथवार बैठक का आयोजन विधायक कार्यालय में रखी गई थी। इस अवसर पर विधायक आशीष छाबड़ा ने कहा कि जन जागरण अभियान पदयात्रा प्रत्येक बूथ पर निकाली जानी चाहिए जिससे सरकार के द्वारा जनहित में किए गए जा रहे कार्यों को आम जनता तक पहुंचाकर उन्हें योजनाओं का लाभ दिलाया जा सके। विधायक ने कहा कि वर्तमान भूपेश बघेल सरकार का 3 वर्ष पूर्ण होने जा रहा है जिसमें लगभग डेढ़ वर्ष का कार्यकाल कोरोना संक्रमण के दौर में बीता उसके बावजूद भी सरकार ने भाजपा के 15 वर्षों में किए कार्यों से कई गुना अधिक विकास छत्तीसगढ़ में किया हैं।

आज पूरे देश में केवल छत्तीसगढ़ी एक ऐसा राज्य है जो किसानों के हितों के लिए समर्पित हैं। भाजपा सरकार द्वारा जो किसानों को मदद की जा रही हैं, वह ऊंट के मुंह में जीरा के समान हैं। जबकि छत्तीसगढ़ सरकार किसानों के लिए संकल्पित भूपेश सरकार ने भूमिहीन किसान न्याय योजना के तहत गांवों में भूमिहीन किसानों को भी उतना ही महत्व दिया है उन्हें भी लाभान्वित करने के लिए सरकार द्वारा फार्म आमंत्रित किए जा रहे हैं, जिससे भूमिहीन किसानों को भी लाभ दिया जा सके। विधायक आशीष छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं से अपील की है कि वे अपने क्षेत्र के प्रत्येक भूमिहीन किसानों का शत-प्रतिशत फार्म जमा कराना सुनिश्चित करें, साथ ही विधायक ने आगामी सेवा सहकारी समिति चुनाव होने की जानकारी देते हुए कार्यकर्ताओं से आग्रह किया कि इस बार सेवा सहकारी समिति चुनाव में प्रत्याशी थोपा नहीं जाएगा। गांव में ही लोग मिलकर तय करें कि सेवा सहकारी समिति में चुनाव किसे प्रत्याशी बनाना है तथा सभी मिलकर उसे विजयी बनाएं, ये ना हो कि हमें इस चुनाव में आपस में ही लड़ना पड़े। विधायक आशीष छाबड़ा ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि आज हमें संकल्प लेना होगा कि 15 दिवस के भीतर हम अपने बेमेतरा विधानसभा के प्रत्येक बूथ में बूथ कांग्रेस कमेटी का गठन कर लेंगे और गठन भी प्रत्येक बूथ के कांग्रेस कार्यकर्ताओं की सहमति से ही अध्यक्ष चुना जावे जो कार्यकर्ता हमेशा कांग्रेस का झंडा उठाता हो, जिसने कांग्रेस को हमेशा आगे रखने के लिए संघर्ष किया हो, ऐसे कार्यकर्ताओं को बूथ अध्यक्ष बनाने में प्राथमिकता देना होगा तथा ऐसा भी ना हो कि एक व्यक्ति कई पदों पर कार्यरत हो।

गरियाबंद तहसील के 18 हल्का पटवारियों का प्रभार बदले गए

गरियाबंद। गरियाबंद एसडीएम ने तहसील के 18 हल्का पटवारियों का प्रभार बदलें। अनुविभागीय अधिकारी राजस्व विश्वदीप (भा.प्र.से.) ने तहसील गरियाबंद के निम्न हल्का पटवारियों का हल्का/अतिरिक्त प्रभार प्रशासनिक दृष्टिकोण से आगामी आदेश पर्यंत परिवर्तन कर अस्थायी रूप से पदस्थ किया है। जिसमें भावेंद्र साहू को बारुका, मालगांव अतिरिक्त प्रभार से परिवर्तन उपरांत नवीन पदस्थापना खरता एवं नवीन अतिरिक्त प्रभार हल्का आमदी द, आशीष चतुर्वेदी हरदी, सड़क परसूली अतिरिक्त प्रभार से बारुका, लीना साहू को घुटकुनवापारा, फूलकर्रा अतिरिक्त प्रभार से हरदी, नेहा उइके पाथर मोहदा से मरौदा, प्रमोद पांडे मजरकट्टा से मदनपुर, रंजीता कश्यप मरौदा से मैनपुर एवं अतिरिक्त प्रभार सड़क परसुली, निराशा सोरी तंवरबाहरा से घुटकूनवापारा, कंचन मरकाम को नहरगांव एवं अतिरिक्त प्रभार तंवरबाहरा, मानसिंह ठाकुर को मैनपुर से कार्यालय तहसील गरियाबंद में संलग्न, तेजराम नागेश पीपरछेड़ीकला, बारुला अतिरिक्त प्रभार को नागाबुड़ा एवं अतिरिक्त प्रभार बारुला, दशरथ मांझी को नागाबुड़ा से धवलपुरडीह एवं अतिरिक्त प्रभार मोंहदा, आमामोरा, मनोज खरे मदनपुर से फुलकर्रा, लोकेश साहू को दांतबायकला, लोहारी अतिरिक्त प्रभार से मजरकट्टा, ताम्रध्वज दीवान गुजरा से पीपरछेड़ीकला एवं अतिरिक्त प्रभार लोहारी, ओंकारसिंह सोरी खरता, आमदी द से गुजरा, तुलेश कोमर्रा बिन्द्रानवागढ़, आमामोरा से मालगांव एवं अतिरिक्त प्रभार पाथरमोहदा, गणेश दीवान मरदाकला, धवलपुरडीह से दांतबायकला, टीकाराम त्रिवेंद्र को मोहदा से बिन्द्रानवागढ़ एवं अतिरिक्त प्रभार मरदाकला किया गया है।







नगर के प्रबुद्ध नागरिकों को कार्तिक पुन्नी मेला,
प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
चेतन छाबड़ा
भाटापारा

अंचलवासियों को कार्तिक पूर्णिमा, प्रकाश पर्व गुरुनानक जयंती की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
इंडियनऑयल
IndianOil
एच.एम. याकूब भाई
एंड महक फ्यूल्स
24 घंटे
सेवा उपलब्ध
खोखली सिद्ध बाबा रोड भाटापारा
संबंधित फर्म - महक इन्डस्ट्रीज सुरखी रोड भाटापारा
प्रो.- हाजी यासिन भाई जालियावाला

अंचल के सभी क्षेत्रवासियों को कार्तिक पुन्नी मेला, प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
साक्षी बोरवेल्स
फास्ट रिंग मशीन द्वारा 4.5 एवं
6" बोर खनन हेतु संपर्क करें
किसान
समृद्ध योजना
हेतु शासन द्वारा
पंजीकृत
प्रो. विक्की सलूजा, मो.नं.-93004-01601
बाबूलाल टॉकीज के पास, बलौदाबाजार रोड, भाटापारा (छ.ग.)

अंचल के सभी क्षेत्रवासियों को कार्तिक पुन्नी मेला, प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
दुबे बोरवेल्स एंड सबमर्सिबल्स
तरेंगा रोड भाटापारा, जिला- बलौदाबाजार-भाटापारा
मो. नं. 98261-19436
Taro
TEXMO
प्रो. सुनील दुबे
टेक्समो इंडस्ट्रीज के एकमात्र अधिकृत विक्रेता

अंचल के सभी क्षेत्रवासियों को कार्तिक पुन्नी मेला,
प्रकाश पर्व की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं...
अजय पोहा
इण्डस्ट्रीज
जयरामदास काछेला
अजय काछेला
मुढीपार रोड, ग्रामीण थाना के पीछे भाटापारा

एक ओंकार सतिनाम, करता पुरखु निरभऊ।
निरवैर, अकाल मूरत, अजूनी, सैभं गुर प्रसादि ।।
गुरु नानक देव जी के
प्रकाश पर्व
की हार्दिक शुभकामनाएं
अमरजीत सिंग सलूजा
प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष
छत्तीसगढ़ सिख संगठन
9300 678 578

कक्षा नर्सरी से आठवीं तक (छ.ग.)
आईएसओ-9001-2008 ब्रांडेड विद्यालय
मॉडर्न इंग्लिश स्कूल
छ.ग. शासन द्वारा मान्यता प्राप्त
प्रकाश पर्व
श्री गुरूनानक जयंती एवं नये वर्ष
बधाई एवं शुभकामनाएं...
तरेंगा रोड भाटापारा फोन नं. 9827963700 । प्रिंसिपल, मॉडर्न इंग्लिश स्कूल, भाटापारा


प्रकाश पर्व
श्री गुरूनानक जयंती एवं नये वर्ष
की नगर की प्रबुद्ध जनता को
लख लख बधाई शुभकामनाएं...
शुभेच्छु :सुनीता गुप्ता, अध्यक्ष नगर पालिक परिषद, भाटापारा